दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 244 | जयपुर, सोमवार, 12 अगस्त, 2024 I श्रावण, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




@ नारायणसिंह
फोटो: पंकज शर्मा

**मानसून:** जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश बनी आफत, कई गांवों-शहरों में बाढ़ के हालात...

# सड़कें सैलाब... वाहन जाम... आफत में आम

## जयपुर सहित 14 जिलों में भारी बरसात का रेड अलर्ट... आज स्कूलें बंद, सीएम ने ली बैठक

### बारिश से बुझे चिराग

- जयपुर के समीप कानोता बांध में डूबे 5 युवक
- करौली में ढह गया एक जर्जर मकान, पिता-पुत्र की मौत
- बाणगंगा नदी में डूबे 7 युवक
- जोधपुर की कायलाना झील में डूबा किशोर
- बीकानेर डिग्गी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश से सड़कें दरिया बन गई हैं, बाजारों में तीन तीन फुट पानी बह रहा है, बच्चों का स्कूल जाना-आना दूभर हो गया है, जगह जगह जाम लगने से वाहनों की कतारें लग गई हैं, तो कई वाहन सड़कों पर पानी में खराब होने से रुके पड़े हैं। कुल मिलाकर आम जनजीवन बुरी अस्त-व्यस्त हो गया है। कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात है। अब सोमवार को भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए जयपुर के सभी स्कूल बंद रहेंगे। प्रशासन की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक भारी बारिश के अलर्ट के चलते शहर के सभी स्कूलों में सोमवार को अवकाश घोषित किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारी बारिश के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली व आपदा प्रबंधन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं को अविलंब सुदृढ़ करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह बारिश आफत बनकर गई परिवारों के चिरागों को भी बुझा गई। इसके चलते राज्य में करीब डेढ़ दर्जन जिंदगियां खत्म हो गईं। ये वर्षा जनित हादसे जयपुर के कानोता बांध, बयाना की बाणगंगा नदी, जोधपुर की कायलाना झील, करौली और बीकानेर में घटित हुए।

### अधिकारियों को सीएम ने दिए

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी से अत्यंत भारी बारिश दर्ज की गई। राज्य में सबसे ज्यादा करौली में 380 मिमी बारिश 24 घंटे के दौरान दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम शर्मा ने आपदा प्रबंधन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं को अविलंब सुदृढ़ करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से जलाशयों व जल भराव के क्षेत्रों से दूर रहने, बारिश के दौरान भवनों में बने बेसमेंट का उपयोग करने से बचने की सलाह दी है।

### आज इन जिलों में बंद रहेंगे स्कूल

भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए सोमवार यानी 12 अगस्त को जयपुर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, करौली और गंगापुर सिटी के स्कूल में अवकाश घोषित किया गया है। सवाई माधोपुर में कक्षा 1 से 8 वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। वहीं, कक्षा 9 से 12वीं तक यथावत स्कूल खुले रहेंगे।

### वाहन पानी में ही फंसकर रह गए

गनीमत रही कि रविवार होने के कारण अन्य दिनों के मुकाबले भीड़भाड़ कम थी। सभी ऑफिस और स्कूलों का होलीडे होने के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम थी। इसके कारण राहगीरों को थोड़ी राहत मिली रही, लेकिन सड़कों पर बह रहे पानी के सैलाब के कारण वाहन पानी में ही फंसकर रह गए। कई जगह सड़कों पर तेज बहाव को देखते हुए आवागमन भी थम गया।



@ त्रिमूर्ति सर्किल

### पश्चिम राजस्थान में भी तेज बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने जयपुर, मौसम विभाग की तरफ से पूर्वी राजस्थान के जयपुर, दौसा, झुंझनूं, सीकर, टोंक समेत 14 जिलों में सोमवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान इन जिलों में बादल गरजने के साथ भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में 4-5 दिनों तक तेज बारिश की उम्मीद है।

### लोग घरों और दुकानों में ही कैद होकर रह गए

शहर के परकोटे में कई जगह तीन से चार फुट तक पानी भर गया। द्रव्यवती नदी में चादर चल गई। निचले इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए। अंडर पासों पानी भर जाने के कारण वहां यातायात बंद हो गया। ब्रह्मपुरी में स्थित माधो विलास के पास नाला भी उफान पर आ गया। बारिश के कारण लोग घरों और दुकानों में ही कैद होकर रह गए। पेज 03 भी देखें

### जरूरी खबर

#### कल्याण धणी की 59वीं लक्खी पद यात्रा हुई रवाना

**जयपुर।** छोटी काशी कहे जाने वाले गुलाबी नगर से रविवार को डिग्गी कल्याण जी के लिए पदयात्रा रवाना हुई। यह 59वीं लक्खी पद यात्रा है। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर से रवाना हुई इस लक्खी पद यात्रा इस बार भी पद यात्रियों के आस्था का सैलाब देखने को मिला। पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ ने ध्वज पूजन कर पद यात्रा को रवाना किया।

-पेज 3 भी देखें

**एसीबी की उदयपुर में बड़ी कार्रवाई**

## 1.25 लाख रुपए की घूस लेते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दबोचा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरों के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई लगातार जारी है। रविवार को उदयपुर जिले में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए समुचित प्राधिकारी डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को 1 लाख 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी अधिकारी से मामले में आगे की पूछताछ जारी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश



मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की राजसमंद इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि सोनोग्राफी मशीन को सील करने, सोनोग्राफी रजिस्टर वापस लौटाने व परेशान नहीं करने की एवज में अहमद 1.50 लाख रुपए मांग रहा है।

**ऐसे धरा रंगे हाथों:** पुलिस निरीक्षक मंशाराम ने टीम के साथ उदयपुर में ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी समुचित प्राधिकारी, पी.सी.पी.एन.डी.टी एवं संयुक्त निदेशक को 1.25 लाख रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एसीबी की तरफ से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी।

**इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों द्वारा मुख्यमंत्री का आभार जताया, सीएम बोले...**

## भारत पारंपरिक-वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का केंद्र

**बेधड़क** | जयपुर



**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा एवं राजस्थान इलेक्ट्रो चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष हेमन्त सेठिया ने भी इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा के संबंध में अपने विचार प्रकट किये। साथ ही विभिन्न अंचलों से आए चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर बजट घोषणाओं के लिए अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही कई पारंपरिक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का केंद्र रहा है। इन चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज' के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन पद्धतियों में इलेक्ट्रोपैथी की विशेष महत्ता है और राज्य सरकार इसे प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों की आभार एवं अभिनंदन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दूरगामी निर्णय ले रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही पारंपरिक चिकित्सा पद्धति इलेक्ट्रोपैथी को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन करने और इसके लिए प्रथम चरण में 5 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। साथ ही, बजट में इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा के सम्बन्ध में परीक्षण कर नियम बनाने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई है।

**स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकताः** सीएम ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का निरन्तर विस्तार कर रही है। परिवर्तित बजट 2024-25 में स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वाधिक महत्व देते हुए लगभग 27 हजार 660 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है जो बजट का 8.26 प्रतिशत हिस्सा है।

इससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी एवं स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण होगा।

**हिंडनबर्ग के आरोपों पर सफाई**

# सेबी चेयरपर्सन बुच का अडाणी की कंपनियों में कोई निवेश नहीं: IIFL

- IPE-प्लस फंड 1 में बुच दंपती का इनफ्लो का 1.5 फीसदी से भी कम था
- बुच दंपती ने किया रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग के आरोपों का खंडन
- कहा- सेबी की विश्वसनीयता पर हमला करने की कोशिश

**बेधड़क** | नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने अपनी नई रिपोर्ट में मार्केट रेगुलेटर सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिसर्च फर्म का दावा है कि कपल ने पहली बार 5 जून 2015 को सिंगापुर में आईपीई प्लस फंड 1 में अपना अकाउंट खोला था। हालांकि, अब इस मामले में एसेट और वेल्थ मैनेजमेंट फर्म 360-वन डब्ल्यूएएम ने सफाई दी है। फर्म ने रविवार को मार्केट रेगुलेटर सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया है।

360- वन डब्ल्यूएएम को पहले आईआईएफएल (IIFL) वेल्थ मैनेजमेंट के नाम से जाना जाता था। बता दें कि अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर ने आरोप लगाया है कि सेबी चेयरपर्सन के पास इन फंडों के माध्यम से अडाणी ग्रुप की एंटिटी में 'स्टेक' थी, जो ग्रुप के डायरेक्टर्स से जुड़े हुए हैं और इनका इस्तेमाल फंडों को निकालने के लिए किया जाता था।




**IPE-प्लस फंड 1 पूर्णत: रेगुलेटेड** इसमें कहा गया है कि IPE-प्लस फंड 1 पूरी तरह से कंप्लायंस करने वाला और रेगुलेटेड फंड था और अक्टूबर 2019 तक संचालित था। फंड को अक्टूबर 2013 में लॉन्च किया गया था। वेल्थ मैनेजमेंट फर्म ने कहा, "अपने पीक पर फंड की असेट अंडर मैनेजमेंट (AUM) लगभग 48 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई थीं, जिसमें फंड का 90 फीसदी से अधिक हिस्सा लगातार बॉन्ड में निवेश किया गया था।" -पेज 07 भी देखें

### बुच ने नहीं किया अडाणी की कंपनी में निवेश

360-वन ने सफाई में कहा कि IPE-प्लस फंड 1, जिसमें पुरी बुच और उनके पति धवल बुच का निवेश था, ने फंड की पूरी अवधि के दौरान अडाणी ग्रुप के किसी भी शेयर में डायरेक्ट या इन-डायरेक्ट रूप से कोई निवेश नहीं किया। 360-वन ने अपने बयान में खुलासा किया, "इस फंड को इनवेस्टमेंट मैनेजर द्वारा डिस्क्रीशनरी फंड के रूप में मैनेज किया गया था। फंड के ऑपरेशन या निवेश निर्णयों में किसी भी निवेशक की कोई भागीदारी नहीं थी। फंड में माधबी बुच और धवल बुच की हिस्सेदारी कुल इनफ्लो का 1.5 फीसदी से भी कम थी।"

### माधवी पुरी बुच पर यह है आरोप!

माधबी पुरी बुच पर आरोप लगाते हुए हिंडनबर्ग ने IIFL के साथ हुए कम्युनिकेशन और डॉक्यूमेंट्स का हवाला दिया है। उसने नई रिपोर्ट में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) के माध्यम से कथित उल्लंघनों और इन फंडों के माध्यम से धन की हेराफेरी के लिए अडाणी फर्मों की जांच करने में माधवी की निष्पक्षता पर सवाल उठाया गया है। माधवी व उनके पति धवल बुच ने अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग के आरोपों का खंडन कहा कि अमेरिकी रिसर्च और निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च सेबी की विश्वसनीयता पर हमला करने और चेयरपर्सन का चरित्र हनन करने की कोशिश कर रही है।

## जरूरी खबर

### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी की ओम माथुर से भेंट



**जयपुर।** विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने नई दिल्ली में सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर से मुलाकात की और राज्यपाल बनने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधानसभा स्पीकर ने राज्यपाल ओम माथुर को अजमेर के शासक पृथ्वीराज चौहान की तस्वीर भेंट की।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर व्यक्त की संवेदना

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री नटवर सिंह के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व विदेश मंत्री कुंवर नटवर सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश मे शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों मे स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

### मंत्री ने लगाए पौधे दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**जयपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार हरियाली सप्तमी पर जोधपुर जिले के भध्देश्वर धाम गोशाला व पर्यावरण विकास सेवा समिति ग्राम चौखा में सूरसागर रामद्वारा महंत डॉ. रामप्रसाद महाराज के सानिध्य में आयोजित 1001 सघन पौधरोपण एवं वितरण कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर पटेल ने कहा कि पौधरोपण जैसे पुण्य कार्य में भागीदारी निभाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति संकल्प लेकर कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाएं, एक पेड़ मां के नाम और दूसरा पेड़ गौ माता के नाम लगाए। साथ ही, इन पेड़ों को अपनी संतान की तरह संरक्षण कर पुष्पित और पल्लवित भी करें। पटेल ने कहा कि प्राचीनकाल से ही पेड़ों को देव तुल्य मानकर उनकी पूजा की जाती है इसलिए हमारा फर्ज है कि पूर्वजों के पुण्य कार्य को आगे बढ़ाते हुए हम पेड़ों को काटने की बजाए अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कर उनका संरक्षण करें।

---

**भरतपुर से कांग्रेस की सांसद संजना जाटव ने पति को बताया अपनी ताकत**

# देश की ऐसी महिला सांसद...सुरक्षा में तैनात रहते हैं उनके पति

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस की भरतपुर सांसद संजना जाटव चुनाव जीतने के बाद काफी सुर्खियों में आई। सांसद संजना इस बार सबसे कम उम्र की सांसद बनी हैं। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज सचिन पायलट का सबसे कम आयु में सांसद बनने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस बीच संजना जाटव एक बार फिर सियासत की सुर्खियों में है। संजना अकेली ऐसी सांसद हैं, जिनकी सुरक्षा में उनके पति कप्तान सिंह तैनात हैं। कप्तान सिंह राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल है। सांसद ने खुद अपने पति के लिए सिफारिश की। इसके बाद कांस्टेबल पति कप्तान सिंह को उनका पीएसओ (सुरक्षा अधिकारी) बनाया गया है। इसको लेकर काफी चर्चा हो रही है।





### सांसद के पति अलवर में पुलिस कांस्टेबल

संजना जाटव की 18 वर्ष की आयु में कप्तान सिंह के साथ शादी हुई। सांसद जाटव के पति कप्तान सिंह अलवर जिले के थानागाजी पुलिस थाने में कांस्टेबल हैं। बताया जाता है कि सांसद संजना जाटव की राजनीति में एंट्री करवाने के पीछे उनके पति कप्तान सिंह और उनके ससुर हरभजन सिंह का हाथ है। उन्होंने ही संजना को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। सांसद बनने के बाद अब संजना ने अपने पति कप्तान सिंह को अपना पीएसओ (सुरक्षा अधिकारी) बनाया है।

### सफलता का श्रेय पति और ससुर को दिया

इधर, सांसद का चुनाव जीतने के बाद संजना ने अपनी सफलता का श्रेय पति कप्तान सिंह और ससुर हरभजन सिंह को दिया। संजना का कहना है कि 'दोनों ने ही मुझे आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी और मेरा साथ दिया।' सांसद संजना ने कहा कि 'मेरे पति मेरी ताकत हैं और अब ड्यूटी के दौरान भी मेरे साथ रहेंगे।' उन्होंने कहा कि 'मेरे पति के साथ रहने से हम दोनों सहज महसूस करेंगे।' उन्होंने कहा कि 'सांसद बनने के बाद काम बढ़ा है, लेकिन मैं आज भी वैसी ही हूं, मेरे व्यवहार में कोई अंतर नहीं आया है।'

### वार्ड मेंबर का लड़ा था पहला चुनाव

सांसद संजना ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वार्ड पार्षद का चुनाव जीत कर की। इस दौरान वर्ष 2021 में संजना के बड़े ससुर कमल सिंह, जो सरपंच रह चुके हैं। उन्होंने अपनी बहू को चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद संजना ने अलवर के वार्ड नंबर 29 से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसमें उसके पति और ससुर ने पूरा साथ देते हुए चुनाव लड़ने के पैसे जुटाए। इसके बाद संजना यहीं नहीं रुकी।

---

**बजट घोषणाओं के लिए आयोजित आभार सभा में बोले CM...**

# प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए हर क्षेत्र-हर वर्ग को दी कई सौगातें

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 विकसित राजस्थान की धुरी हैं। इसमें प्रदेशवासियों से प्राप्त विभिन्न सुझावों को शामिल करते हुए राज्य के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है तथा हर क्षेत्र और हर वर्ग को सौगातें दी गई हैं।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने सहित भीलवाड़ा और जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए बिजली और पानी सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताएं होती है। इसलिए हमारी सरकार इन क्षेत्रों के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने एवं ऊर्जा उत्पादक इकाइयां स्थापित करने के लिए विभिन्न एमओयू किए गए हैं। हमारा लक्ष्य वर्ष 2027 तक राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

सीएम ने कहा कि प्रदेशवासियों को शुद्ध पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी के साथ ही शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता तथा दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना का धरातल पर क्रियान्यवन कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली-पानी की पर्याप्त उपलब्धता से राज्य में कृषि, उद्योग एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा जिससे विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा।



### राज्य बजट में भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को दी विभिन्न सौगातें

मुख्यमंत्री ने कहा कि भीलवाड़ा शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। हमने भविष्य की जरूरतों को समझते हुए भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट में भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इनमें भीलवाड़ा में 132 केवी जीएसएस एवं बीएसपी नगर में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण तथा 8 करोड़ रुपए से भीलवाड़ा-देवगढ़ वाया पांसल, पिथास बागोर, बोराणा जगदीश सड़क चौड़ाईकरण कार्य शामिल हैं। शर्मा ने कहा कि भीलवाड़ा में टैक्सटाइल पार्क स्थापित करने के साथ ही 12 करोड़ रुपए से मानसरोवर झील के विकास कार्य भी करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त उदयपुर, चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा में पेयजल तथा सिंचाई के लिए 30 करोड़ रुपए की परियोजना एवं जयपुर-भीलवाड़ा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण की डीपीआर बनाई जानी भी प्रस्तावित है।



### सीएम का किया अभिनंदन

कार्यक्रम में जहाजपुर और भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को साफा एवं दुपट्टा पहनाकर उनका अभिनंदन किया एवं शौर्य के प्रतीक के रूप में तलवार भेंट की। इस अवसर पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा एवं भीलवाड़ा नगर परिषद के सभापति राकेश पाठक सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा औद्योगिक पार्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी राज्य बजट में कई प्रावधान किए गए है। लगभग 71 करोड़ रुपए की लागत से क्षेत्र की विभिन्न सड़कों का निर्माण उन्नयन एवं चौड़ाईकरण कार्य कराए जाएंगे। साथ ही पीपलूंद में औद्योगिक क्षेत्र तथा पंडेर में औद्योगिक पार्क स्थापित किया जाएगा। साथ ही जहाजपुर-शाहपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय में तथा अमरगढ़ एवं सरदार नगर (बनेड़ा) के उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में क्रमोन्नत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जहाजपुर-शाहपुरा में कन्या महाविद्यालय, कोटडी में नवीन महाविद्यालय तथा सरसिया में जनजाति बालिका छात्रावास खोला जाएगा। इसके अतिरिक्त गुढ़ा में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण भी करवाया जाएगा।

---

**केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल बोले**

# 'बीकानेर को ध्यान साधना के केंद्र के रूप में करेंगे विकसित'



**बेधड़क** | जयपुर

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान एवं होटल उद्योग उत्थान संस्थान, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 'बीकानेर पर्यटन व होटल उद्योग पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे।

मेघवाल ने कहा कि आगामी दिनों में बीकानेर के पर्यटन सेक्टर से जुड़े हुए सभी क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। बीकानेर को ध्यान और साधना के केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रयास भी होगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर के विकास में हमेशा भामाशाहों का योगदान रहा है। इन भामाशाहों को भी क्षेत्र के विकास के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीएसएफ की सांचू पोस्ट का बॉर्डर टूरिज्म के दृष्टिकोण से विकास के लिए चयन कर लिया गया है। जल्दी ही इसे मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर आने वाले देसी-विदेशी पर्यटकों को साचू इंटरनेशनल बॉर्डर तक लाने का प्रयास किया जाएगा। मेघवाल ने कहा कि बीकानेर में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसे ध्यान रखते हुए इस दिशा में चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा।

## पेंशनरों की समस्याओं का समाधान करना हमारा दायित्व



**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पेंशनर्स के अनुभवों का लाभ सभी को मिले इसके लिए बेहतर प्रयास किए जाए। उन्होंने पेंशनरों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देते हुए कहा कि यह राज्य सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आप समाज के प्रमुख व्यक्ति हो, आपकी बात सभी आदर से मानते हैं। आपको वंचित एवं गरीब की मदद करनी चाहिए। उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें लाभ दिला सकते हैं। दिलावर रविवार को बारां जिला स्थित कवाई में राजस्थान पेंशनर समाज के संभागीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान स्वच्छता एवं पौधारोपण में देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। पर्यावरण हम सब की जिम्मेदारी है और हम सबको बढ़-चढ़कर पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने अमृता देवी को याद करते हुए कहा कि हमें पेड़ों का मूल्य समझना चाहिए।

---

**मंत्री अविनाश गहलोत ने अधिकारियों को सुनाई खरी-खोटी**

# 'हम-आप नौकर हैं, कार्यकर्ता का हमेशा खड़े होकर करें सम्मान'

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले दौरे पर आए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सर्किट हाउस में रविवार को अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि आप और हम नौकर हैं। आपके पास कार्यकर्ता आए तो उसका खड़ा होकर सम्मान करें। अविनाश गहलोत यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि अगर शिकायत मिली तो मैं आपके खिलाफ कार्रवाई करूंगा। वह भीलवाड़ा में माली समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में शिरकत करने आए।

मंत्री अविनाश गहलोत ने डिप्टी डायरेक्टर से कहा कि हमको पीएम नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुसार काम करना है, अंत्योदय हमारे पीएम मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा का सपना है।

आपके पास हमारा कार्यकर्ता केवल जरूरतमंद को पेंशन का लाभ दिलाने के लिए फोन करता होगा। उसको रेस्पॉन्स मिलना चाहिए। शिकायत नहीं आनी चाहिए, कार्यकर्ता को सेटिस्फाई वाला जवाब मिलना चाहिए। मेरे कार्यकर्ता का आपके पास किसी काम का फोन आता है और काम नहीं होता है तो मैं समझूंगा आपने काम नहीं किया तो मैं कार्रवाई करूंगा।



### BJP के कार्यकर्ता साइलेंट वर्कर

इस पर डिप्टी डायरेक्टर सतपाल जांगिड़ ने कहा कि सर काम को लेकर प्रदेश के टॉप 5 जिलों में भीलवाड़ा का नाम है। विभाग के भीलवाड़ा कार्यालय में नो पेंडेंसी है। इस पर सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री गहलोत ने उन्हें टोका और कहा कि आप नौकर हैं। आपकी जिम्मेदारी बनती है कि सरकार के काम नीचे तक लोगों तक पहुंचाना। इसके लिए सबको मिलजुल कर काम करना होगा। कोई आपको बाकी परेशान करें तो बताना। हमारे भाजपा के कार्यकर्ता साइलेंट वर्कर हैं, कभी परेशान नहीं करते हैं। आपके पास कभी भी कोई कार्यकर्ता आए, सीट से उठकर खड़े होकर उससे सम्मान से बात करें। मंत्री गहलोत ने कहा कि इन कार्यकर्ताओं की वजह से हम सरकार में आते हैं। भले मैं हूं या उदयलाल जी। हम सरकार में इनकी वजह से आज बैठे हैं। डायरेक्टर जांगिड़ ने जब कुछ बोलने का प्रयास किया तो मंत्री ने फिर टोका और बोला कि किसी एक व्यक्ति के बारे नहीं कह रहा हूं, मैं सबके लिए कह रहा हूं। अंत्योदय का लाभ पहुंचे। इसी उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना शुरू की है और हमारे सीएम का भी यह सपना है कि प्रधानमंत्री की भावनाओं को आम भावनाओं से आम आदमी को दिलाओ।

### अब ब्लॉक स्तर पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

मंत्री गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सेनापति के रूप में मजबूती से कार्य कर रहे हैं, हम मंत्री उनके सिपाही हैं। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण से जुड़ी सभी योजनाओं का सरलीकरण किया जा रहा है। किसी व्यक्ति को अब जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि नवाचार के रूप में प्रदेश भर के 800 के करीब हॉस्टल्स के नवीनीकरण के लिए बड़ा पायलट प्रोजेक्ट लेकर आ रहे है। नारी सुरक्षा की दृष्टि से नारी निकेतनों में कैमरे लगाए जा रहे हैं।



# कभी रिमझिम आया मेह तो कभी झमाझम

## दिनभर बरसी 'आफत'...

### कहीं घरों में घुसा पानी, कहीं पर धंसी सड़क

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में रविवार को दिनभर कभी रिमझिम तो कभी झमाझम मेह बरसता रहा। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक करीब ढाई इंच हुई बरसात ने पूरा शहर अस्त व्यस्त कर दिया। कहीं घरों में सीवरेज का पानी घुस गया तो कई जगह सड़कें धंस गईं। सड़कों-गलियों में पानी नदी की तरह बहता नजर आया। जेकेलोन अस्पताल के अंदर पानी भर गया। शहर में कई जगह जाम लग गया। कार और बाइक सड़क पर भरे पानी में फंस गई। इस दौरान लोग एक-दूसरे की मदद करते दिखे। जयपुर में सबसे ज्यादा बारिश जेएलएन मार्ग पर 73 एमएम रिकॉर्ड की गई।









कनक दंडवत करते, नाचते-गाते डिग्गी के लिए रवाना हुए पदयात्री

# थारे पगां उबाणी आऊं म्हारा डिग्गीपुरी का राजा...

बेधड़क | जयपुर

डीजे के पीछे नाचते लोग लुगाई। भीगी सड़क पर लंबलेट श्रद्धालु। निशान लिए जोश से भरे जयकारों के साथ श्रद्धा का सैलाब। यह नजारा था रविवार को टोंक रोड का। मौका था जयपुर से डिग्गी कल्याण के लिए पदयात्रा की रवानगी का।

ताड़केश्वर मंदिर से डिग्गी कल्याणपुरी की 59वीं लक्खी पदयात्रा का शुभारंभ मुख्य केसरिया निशान ध्वज की विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस दौरान विधायक कालीचरण सराफ भी कुछ दूरी तक ध्वज थामकर पदयात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा में शाही लवाजमा के साथ बैंड-बाजे, राधा-गोविंद, महादेव, हनुमान की झांकियों और श्रद्धालुओं के साथ धूमधाम से रवाना हुई।

पैदल यात्रा संघ के अध्यक्ष एवं संचालक श्रीजी शर्मा लोहे वालों ने बताया कि पदयात्रा 11 अगस्त को मदरामपुरा, 12 अगस्त को हरसूलिया, 13 अगस्त को फागी, 14 अगस्त को चौसला और 15 अगस्त को कल्याण महाराज के निजधाम डिग्गीपुरी पहुंचेगी। वहां शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के द्वारा किया जाएगा। भगवान को ध्वज अर्पित करने के बाद गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा।





### रोज करेंगे 20 किमी यात्रा

5 दिन की यात्रा में श्रद्धालु रोज 20 किमी का सफर तय करेंगे। इस दौरान प्रतिदिन रात्रि में भजन रामलीला व सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयपुर के अलावा आसपास से भी करीब 85 छोटी-बड़ी पदयात्राएं इसमें मिलेगी। पदयात्राओं के साथ ही भजन मंडलियां भी चलती हैं जो कि रात्रि विश्राम से लेकर रास्ते में पदयात्रियों को भक्ति के रंग में सरोबर करती हैं। जगह-जगह पर भक्तों द्वारा भंडारों का आयोजन होता है। डिग्गी से जयपुर रोड, मालपुरा रोड व टोंक रोड पर श्रद्धालुओं के लिए करीब 1400 छोटे-बड़े भंडारे लगाए गए हैं। मेले को लेकर डिग्गी कल्याण जी के लिए रोडवेज ने टोंक और जयपुर से अतिरिक्त बसे लगाई हैं। डिग्गी कल्याण जी मेले में जयपुर से 59 सालों से आती रही लक्खी पदयात्रा के साथ ही मध्य प्रदेश सहित दर्जनों पदयात्राएं डिग्गी कल्याण जी पहुंचेगी। जिनके साथ नाचते गाते भक्त चलते हैं।

## ट्रक में घुसी स्कोडा, दो छात्रों समेत 3 की मौत

**जयपुर**। प्रतापनगर में एनआरआई सर्किल पर ट्रक से स्कोडा कार भिड़ गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 स्टूडेंट भी हैं, जिनमें एक लंदन से बीटेक तो दूसरा जयपुर के ही कॉलेज से बीबीए कर रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आगे से कार के परखच्चे उड़ गए। ड्राइवर का शव कार में बुरी तरह से फंस गया था। घंटेभर की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। रामनगरिया थाने के डीओ रमेश कुमार ने बताया कि शनिवार करीब रात डेढ़ बजे पुलिस कंट्रोल रूम को हादसे की सूचना मिली थी। प्रताप नगर के एनआरआई सर्किल पर स्कोडा कार में अमिष (19) पुत्र राजीव वाधवा निवासी मानसरोवर और वेदांत (19) पुत्र गिरधर आहलूवालिया निवासी पाम कॉलोनी, जगतपुरा मिले। हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया। कि प्रत्यक्षदर्शियों के जवाहर सर्किल की तरफ कार जा रही थी। ड्राइवर ट्रक को मोड़ रहा था। इतने में तेज गति से आ रही कार ट्रक से भिड़ गई।

## एम्पलॉइज एसोसिएशन के निर्विरोध हुए चुनाव



**जयपुर**। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण कार्यालय में एम्पलॉइज एसोसिएशन पश्चिम क्षेत्र जयपुर के चुनाव में ओम प्रकाश वर्मा को सर्वसम्मति से महासचिव चुना गया। सनमती कुमार जैन चेयरमैन, इंद्रेश जाट वाइस चेयरमैन, अजय कुमार सहायक महासचिव तथा शिवजी राम योगी वित्त सचिव चुने गए।

विश्व धर्म संसद का आयोजन 21 से

# 'बांग्लादेश के हिन्दुओं के साथ जो हुआ है, वो यहां भी होगा'

बेधड़क | जयपुर

शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने धर्म संसद और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर पिंक सिटी प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



यति नरसिंहानंद ने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहा है, वही एक दिन ये भारत के कोने-कोने में भी होगा। यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि जिहाद की अवधारणा को सम्पूर्ण विश्व को समझाने के लिए 5 दिवसीय विश्व धर्म संसद का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें सम्पूर्ण विश्व के धर्मगुरुओ और विचारकों को बुलाया जा रहा है। उन्होंने विस्तार से विश्व धर्म संसद के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि धर्म संसद 17 से 21 दिसंबर तक गाजियाबाद में यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन के द्वारा अन्य संस्थाओं के सहयोग होगी। इस दौरान यूरोप, यूके और पाकिस्तान से भी सनातनी शामिल होंगे और अपनी बात रखेंगे।

इस अवसर पर उनके शिष्य यति सत्यदेवानंद, यति रामस्वरूपानंद, यति रणसिंहनन्द, यति परमात्मानंदन और यति अभयानंद भी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### लेपर्ड को ट्रेलर ने मारी टक्कर, मौत



**नीमकाथाना।** नीमकाथाना के तेलियाला मोड़ के पास एक सड़क हादसे में एक नर लेपर्ड की मौत हो गई। लेपर्ड को नीलगाय का शिकार करते समय एक ओवरलोड ट्रेलर ने टक्कर मार दी। ट्रेलर का टायर लेपर्ड के सिर के ऊपर से निकल गया, इससे लेपर्ड की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने सुबह सड़क पर लेपर्ड का शव देखा, जिससे मौके पर भीड़ जमा हो गई। वन विभाग की टीम ने सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। लेपर्ड को जेसीबी की मदद से पिकअप गाड़ी में डालकर पाटन वन रेंज में ले जाया गया है।

### ठग गिरोह के 18 सदस्यों को पुलिस हिरासत में भेजा



**अजमेर।** फर्जी काल सेंटर के जरिए विदेशों में ठगी करने वाले गिरोह के 18 सदस्यों को रविवार को पुलिस ने जज के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। थानाप्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि अजमेर से अंतरराष्ट्रीय ठगी के काल सेंटर पर शनिवार को दबिश देकर 14 युवक एवं चार लड़कियों को हिरासत में लिया गया था।

### घर के बाहर सो रहे युवक को कार ने कुचला



**जोधपुर।** शहर के प्रातपनगर सदर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात घर के बाहर चारपाई पर सो रहे एक व्यक्ति को कार ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक कार को लेकर मौके से फरार हो गया। हिट एंड रन के इस मामले के घायल को उसके परिजन देर रात अस्पताल लेकर गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने प्रतापनगर सदर थाने में मामला दर्ज करवाया है। घटना का एक सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें नजर आ रहा है कि तेज गति से आई कार ने चारपाई को टक्कर मारी और चालक उसे भगा ले गया। मौके पर टक्कर के चलते कार की नंबर प्लेट टूट गई। गुजरात नंबर की कार की पुलिस तलाश कर रही है। सीसीटीवी में कार में दो लोग नजर आ रहे थे।

## 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रमों की कड़ी में प्रदेश के कई जिलों में निकाली गई तिरंगा रैली

# देशभक्तिमय हुई स्वर्णनगरी, हर घर तिरंगा फहराने का संदेश

**बेधड़क** | जैसलमेर

जिला प्रशासन व नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रमों की कड़ी में पर्यटन स्थल गडसीसर सरोवर से 'हर घर तिरंगा रैली' का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली को जिला कलेक्टर प्रताप सिंह व जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने संभागियों को हर घर तिरंगा लहराने की शपथ दिलाई। तिरंगा रैली गड़सीसर चौराहा से रवाना होकर नगर परिषद नीरज बस स्टैंड चौराहा होती हुई हनुमान चौराहा पर पहुंची। रैली का समापन भारत माता की जय घोष के साथ किया गया। 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रमों की कड़ी में सोमवार को जिला स्तर पर गड़सीसर चौराहा से गांधीदर्शन हनुमान चौराहा तक तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। 13 से 15 अगस्त तक सभी कार्यालयों में तिरंगा सेल्फी एवं केनवास शपथ का कार्यक्रम होगा। इसी के साथ 13 अगस्त को तिरंगा रैली, रन फोर तिरंगा और तिरंगा शपथ का आयोजन होगा। ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर तिरंगा रैली का कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार 14 अगस्त को सुबह 10 बजे जिला स्तर पर अमर शहीद सागरमल गोपा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तिरंगा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी दिन दोपहर 12 बजे जिला स्तर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में तिरंगा स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समारोह होगा। शाम को शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में तिरंगा रंगोली का कार्यक्रम होगा। नेहरू उद्यान में एक शाम तिरंगे के नाम संगीत संध्या आयोजित होगी। इसी प्रकार 15 अगस्त सुबह 8 बजे जिला स्तर पर शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में हर घर तिरंगा एवं तिरंगा मेला का आयोजन होगा।






### भीलवाड़ा में उत्साह-उमंग के साथ निकली तिरंगा रैली

**भीलवाड़ा।** जिले में रविवार को भव्य तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। जिला कलेक्टर नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत और सीईओ परिषद शिवपाल जाट ने तिरंगा लहराते हुए का रैली की शुरुआत की। पुलिस लाइन से शुरू हुई यह रैली, अजमेरी तिराया, कलेक्ट्रेट, सेशन कोर्ट चैराहा, रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ चौराहा होते हुए सूचना केंद्र पर समाप्त हुई। रैली में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक विमल सिंह, एएसपी, एसएचओ, साइकिल प्रेमी, स्काउट गाइड और अन्य सहभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने तिरंगा लेकर शहर में देशभक्ति का ज्वार उमाड़ा और इस आयोजन को सफल बनाया।

### घर-घर तिरंगा फहराने की अपील

रैली के शुभारंभ के दौरान कलेक्टर नमित मेहता ने लोगों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर पर तिरंगा फहराएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, हमारी यह तिरंगा वाहन रैली स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व की तैयारियों को प्रोत्साहित करने और जिले में गर्व की भावना का संचार करने के लिए है।एसपी राजन दुष्यंत ने भी स्वतंत्रता दिवस को गर्व और सम्मान से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराना और स्वतंत्रता दिवस को पूरी धूमधाम से मनाना हम सब की जिम्मेदारी है।

### तिरंगा दौड़ व मैराथन आज

सीईओ शिवपाल जाट ने बताया कि 12 अगस्त को जनसहभागिता के साथ तिरंगा दौड़, मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य भीलवाड़ा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामूहिक उत्साह और जोश को बढ़ावा देना है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर फिर हुआ सड़क हादसा

# स्टेयरिंग फेल...100 मीटर लहराने के बाद पलटी बस, 12 यात्री घायल

**बेधड़क** | दौसा

जिले के कोलवा थाना क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर स्थित पिलर नंबर 174 के पास रविवार तड़के एक स्लीपर बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 12 से अधिक यात्री घायल हो गए, वहीं कई यात्रियों के हल्की चोट आई है। इस दौरान हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची धनावड़ चौकी पुलिस ने बस में मौजूद घायलों को एनएचएआई की सहायता टीम की मदद से दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार स्लीपर बस में करीब 50 लोग मौजूद थे।

ऐसे में तड़के 3:45 पर हुए हादसे से बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, वहीं हादसे के बाद मौके का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें बस करीब 100 मीटर तक लहराने के बाद एक्सप्रेस-वे पर पलट गई।

जिले के कोलवा थाने में स्थित धनावड़ चौकी प्रभारी धर्म सिंह ने बताया कि रविवार तड़के 4 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बस पलटने की सूचना मिली थी। इस दौरान मौके पर जाब्ते के साथ पहुंचकर बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला, वहीं एनएचएआई की सहायता टीम को भी मौके पर बुलाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि स्लीपर बस किशनगढ़ (अजमेर) से दिल्ली जा रही थी। बस में मौजूद अधिकतर लोग मजदूर थे जो किशनगढ़ से बिहार और दिल्ली जा रहे थे।



### हादसे में ये हुए घायल

धनवाड़ चौकी हेड कांस्टेबल लल्लू प्रसाद मीना ने बताया कि हादसे में बस में सवार मोहम्मद ताहूर (62) निवासी बिहार, प्रदीप (6) निवासी मोरोड़ी अलवर, नसीम उम्र (48) निवासी खाजीगंज बिहार, हरवन सिंह (42) निवासी डीग भरतपुर, बुधम (50) निवासी सिटी चौक बिहार, मोनी (19) निवासी खाजीगंज पटना, इफ्तार इवान निवासी सिवान बलेडा बिहार, मीर अहमद निवासी नासीरगंज बिहार, शाहिदा बेगम निवासी सिवान बलेडा, शबाना (22) निवासी नासीरगंज, ईसरवार अहमद (54) साल निवासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश घायल हुए हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे में शेष अन्य यात्रियों को हल्की चोटें हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### CCTV में लहराती नजर आई बस

इस दौरान थाना क्षेत्र में स्थित पिलर नंबर 174 के पास बस करीब 100 मीटर तक लहराती हुई अचानक पलट गई। इससे बस में मौजूद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि हादसे में बस ड्राइवर सुभाष भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। ड्राइवर सुभाष ने बताया कि स्टेरिंग फेल होने से ये हादसा हुआ है, हालांकि पुलिस हादसे की वजह प्रथम दृष्टया ड्राइवर को नींद की झपकी आना मान रही है।

## अंतिम संस्कार का होगा लाइव प्रसारण

# भीलवाड़ा के गांधी नगर मोक्षधाम में लगाए CCTV कैमरे




**बेधड़क** | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के गांधी नगर मोक्षधाम में हरि सेवा धाम द्वारा 16 कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों का मुख्य उद्देश्य विदेशों में रह रहे परिजनों को लाइव अंतिम संस्कार देखने का मौका मिल सकेगा।

हरि सेवा धाम के महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में 16 संस्कार में से सबसे महत्वपूर्ण अग्नि संस्कार है, जिसे अंतिम संस्कार भी कहते हैं। आज के दौर में अक्सर देखा जाता है कि विदेश में रहने वाले परिजन या फिर अपने घर से काम के सिलसिले में दूर रहने वाले लोग अपने परिवार या फिर रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाते हैं। इस बात का पछतावा जीवन भर रहता है। इसको देखते हुए गांधीनगर मोक्ष धाम में हरी सेवा संस्थान ने 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और इन्हें सीधा लाइव प्रसारण से जोड़ा गया है। जिससे देश और विदेश के अलग-अलग जगह पर रहने वाले परिजन अपने परिचित के अंतिम अग्नि संस्कार में वर्चुअल रूप से शामिल हो सकते हैं और उन्हें पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।

## भारत-पाक सीमा पर जिंदा बम मिलने से हड़कंप

# बॉर्डर पर फिर मिली एंटी लैंड माइन

**बेधड़क** | जैसलमेर

भारत-पाक इंटरनेशनल बॉर्डर पर बसे जैसलमेर जिले के म्याजलार गांव के समीप एक ढाणी में रविवार को एक बार फिर जिंदा एंटी-पर्सनल लैंडमाइन मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। 2 सप्ताह में यह तीसरा मौका है जब इन दो सप्ताह में विस्फोटक मिले हैं। इससे पहले भी एक बार एंटी लैंड माइन व एक बार हैंड ग्रेनेड बम भी मिल चुका है।



यह एंटी पर्सनल लैंड माइन म्याजलार के कीरत सिंह की ढाणी में मिली है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस पर पहुंची और इस माइन को अपने कब्जे में लिया।

### 27 जुलाई को मिली थी एंटी लैंड माइन

27 जुलाई को एक जिंदा एंटी लैंड माइन मिली थी। वहीं बीते गुरुवार को भी एक जिंदा हैंड ग्रेनेट मिला था। एंटी-पर्सनल लैंड माइन का इस्तेमाल इंसानों के खिलाफ किया जाता है, जबकि एंटी-टैंक लैंड माइंस का इस्तेमाल भारी गाड़ियों के लिए किया जाता है।

## पति को था उसके चरित्र पर शक, थाने में किया आत्मसमर्पण

# फावड़े से पत्नी को उतारा मौत के घाट

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के खेड़ापा थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों के शक में पति द्वारा पत्नी की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। हत्या के बाद आरोपी पति ने खेड़ापा थाने जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। खेड़ापा थानाधिकारी लाखाराम जाखड़ ने बताया कि आरोपी खेताराम मेघवाल एक ट्यूबवेल पर काम करता है। वहां पर वह अपने परिवार के साथ रहता है। उसे इस बात का शक था कि उसकी पत्नी सेनकी के अन्य लोगों के साथ अवैध संबंध हैं। इसी को लेकर उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि रविवार अलसुबह उसने ट्यूबवेल पर सोती हुई पत्नी पर फावड़े से वारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। इसके बाद खुद थाने आकर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने साक्ष्य जुटा कर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जोधपुर महात्मा गांधी अस्पताल भेजा है।




आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि मृतका के किसी से अवैध संबंध थे। इसी को लेकर उसने फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के दो पुत्र हैं।

## जैसलमेर से लगती अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर BSF का ऑपरेशन अलर्ट शुरू

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पैनी नजर रखेंगे सरहद के निगहबान

**बेधड़क** | जैसलमेर

आगामी दिनों में देश की स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जैसलमेर से लगती अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल ने हाई अलर्ट जारी किया है। इस अभियान को ऑपरेशन अलर्ट नाम दिया गया है।

रविवार से शुरू हुआ यह अलर्ट आगामी 17 अगस्त तक चलेगा। इस ऑपरेशन के दौरान देश की प्रथम रक्षा पंक्ति यानी बीएसएफ के सभी अधिकारी और जवान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रहकर आधुनिक हथियारों व अन्य उपकरणों के साथ कड़ी नजर रखते हुए पूरी मुस्तैदी के साथ सीमाओं की हिफाजत करेंगे। स्वतंत्रता दिवस सहित अन्य पर्वों के दौरान सीमा पार से होने वाली संभावित अवांछित घटनाओं तस्करी व घुसपैठ को रोकने के लिए यह अलर्ट किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस के अलावा इन दिनों बांग्लादेश के हालात को देखते हुए भी बीएसएफ पूरी तरह से अलर्ट है और पाकिस्तान से लगती राजस्थान की समूची अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ अपनी लगातार नजर बनाए हुए हैं।





### सुरक्षा घेरे को और भी ज्यादा किया मजबूत


जैसलमेर सीमा सुरक्षा बल के नॉर्थ सेक्टर के डीआईजी योगेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल हालांकि साल भर बीएसएफ सरहद पर तैनात रहते हुए देश की रक्षा करती है, लेकिन इन दिनों सुरक्षा घेरे को और भी ज्यादा मजबूत किया जाता है ताकि सीमा पार से कोई भी अप्रिय घटना ना हो सके। साथ ही इस दौरान बीएसएफ के अधिकारी और जवान भी सरहद पर रहकर आधुनिक हथियारों के साथ 24 घंटे सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए सरहद पर विशेष अभियान चलाया गया है, जिसे ऑपरेशन अलर्ट नाम दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान गश्त बढ़ाने के साथ ही सुरक्षा नाकों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गई है, वहीं सरहद पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है ताकि सीमा पार से किसी भी प्रकार की आवाज में गतिविधि को रोका जा सके।

### संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त जवानों को किया तैनात

जैसलमेर सीमा सुरक्षा बल के नॉर्थ सेक्टर के डीआईजी योगेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त जवानों को भी तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान सारा मैन पावर बॉर्डर पर रहेगा। इसके साथ ही सभी कमांडेंट का हैड क्वार्टर की सीमा पर रहेगा और वह अलर्ट के दौरान वहीं मौजूद रहकर हर परिस्थिति पर निगरानी रखेंगे। इसके साथ-साथ इस दौरान बीएसएफ भारतीय खुफिया एजेंसियों से भी कोऑर्डिनेशन में रहेगी। इससे किसी भी तरह के इनपुट पर बीएसएफ सजग रहेगी और दिन-रात सीमा पर तारबंदी पर पहरा देकर देगी ताकि पड़ोसी देश अपने नापाक मंसूबों में कामयाब ना हो सके।

### ऊंटों से गश्त और फुट पेट्रोलिंग बढ़ाई

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर संभावित घुसपैठ रोकने व अतिरिक्त चौकसी के लिए अभियान के दौरान गश्त बढ़ाने के साथ ही सुरक्षा नाकों की संख्या में बढ़ोतरी की गई। ऊंटों से गश्त और फुट पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। इस एक्सरसाइज में बीएसएफ की सभी शाखाओं के अधिकारी जवान हिस्सा ले रहे हैं।




## पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतकर इतिहास रचने वाले नीरज चोपड़ा से विशेष बातचीत

# सफलता पाना है तो सुखों का त्याग करना होगा

बेधड़क | जयपुर

प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। कई बार जिंदगी निकल जाती है और लोग पहचाने भी नहीं जाते, लेकिन आत्मविश्वास और मेहनत का दामन जिसने थाम लिया तब सफलता कोसों दूर से भी चलकर आप तक पहुंचती है। 140 करोड़ भारतीयों में से ऐसा एक होना असंभव सा प्रतीत होता है, लेकिन ऐसा कर दिखाया है अपने खेल के दम पर विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन करने वाले नीरज चोपड़ा ने। पेरिस ओलंपिक में जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीत का नीरज चोपड़ा ने यह साबित कर दिया कि वर्तमान में वह भारत के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं। इससे पूर्व किसी और खिलाड़ी ने व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक नहीं जीते हैं। गौरतलब है कि 2020 में टोक्यो में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने एथलेटिक्स में स्वतंत्रता के बाद भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाया था। 2022 में इन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद नीरज चोपड़ा युवाओं के लिए आदर्श बन चुके हैं। सफलता के इस शिखर पर उनके गांव खांद्रा पानीपत में उनके घर पर उनसे बात हुई... उनके इस खेल से जुड़ने से लेकर वर्तमान में मेडल जीतने तक के सफर पर, ताकि युवा उनके संघर्ष से प्रेरणा ले सकें।



**Q *पारंपरिक खेल छोड़कर जैवलिन थ्रो में आने का क्या कारण रहा?***

दरअसल जब मैं 11 साल का था तो अपने अंकल सुरेंद्र चोपड़ा के साथ पानीपत स्टेडियम गया। वहां जयवीर चौधरी को जैवलिन थ्रो खेलते देखा। इसे देखकर मन में आया कि मुझे भी यही खेलना है और इस तरह एकदम नए, अनोखे खेल में मेरी एंट्री हुई। चाचा अपने साथ गांव से पानीपत लेकर जाते थे। दिनभर प्रैक्टिस करता और बस पकड़ कर शाम को वापस घर आना होता था। इस रूटीन में मजा आने लगा। आज भी प्रैक्टिस सेशन में ही सबसे ज्यादा मजा आता है। इसमें परिवार का भी पूरा सहयोग मिला। यह पूरे परिवार का ही त्याग है, जिस कारण मैं आज यहां पहुंचा हूं। पूरे साल में 2 से 3 दिन के लिए ही घर आना होता है लेकिन परिवार में इस बात के लिए कोई नाराजगी नहीं है। पूरा परिवार मेरी इस जर्नी, मेरी सफलता में मेरे साथ है। घर से इतना दूर होने के बावजूद मन में खुशी है कि देश के लिए खेल रहा हूं।

**Q *जब आपने टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड जीता उसके बाद सोशल मीडिया, टीवी, अखबारों में आप छाए हुए थे। क्या उससे काम में, अभ्यास में कहीं कोई दिक्कत आई?***

मुझे पता था कि इतनी कवरेज और अटेंशन खेल के कारण मिली है तो इसे दिमाग पर हावी नहीं होने देना है। मैंने उस समय खिलाड़ी के तौर पर अपने आप को प्रैक्टिस में लगाया। आज मेरा यही मिशन है कि अपने देश के तिरंगे झंडे को और ऊपर से ऊपर उठा सकूं। इसी विचार ने मुझे जमीन से जोड़े रखा है।

**Q *आप आज के युवाओं को क्या संदेश देते हैं?***

सफलता का कोई भी शॉर्टकट नहीं होता। लगातार प्रैक्टिस ही आपको आपकी मंजिल तक पहुंचाती है। लोगों को नाम कमाने में सालों लग जाते हैं, इसलिए अपने आप को सोशल मीडिया, मस्ती, ऑनलाइन गेमिंग हर तरह की डिस्ट्रक्शन से दूर कर अपने सपनों को पूरा करने के लिए लगातार अभ्यास और जुनून ही आपको वहां तक पहुंचा सकता है। सफलता के लिए सुखों का त्याग तो करना ही होगा। सोशल मीडिया के माध्यम से लोग आसानी से प्रसिद्ध हो जाते हैं, लेकिन यह स्थायी नहीं है।

**Q *आस्टडीज के हिसाब से जैवलिन थ्रो के खिलाड़ियों की हैंड ग्रिप, स्ट्रैंथ व मसल्स ग्रोथ की क्या आदर्श आयु रहती है?***

30 साल की उम्र इस खेल में खिलाड़ी के लिए हर तरह से बेस्ट है। मेरी भी कोशिश है कि इन तीन-चार सालों में जो भी बेहतर किया जा सकता है उसे करूं। अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ू और नए रिकॉर्ड बनाऊं तथा देश के गौरव व मान का कारण बनूं। भारत सरकार हम खिलाड़ियों पर बहुत खर्च कर रही है। हमारी ट्रेनिंग और फिटनेस पर उनका पूरा फोकस है। पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीत कर मैंने देश के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

**Q *भारत सरकार विगत कुछ वर्षो से लगातार खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और उनके प्रदर्शन में सुधार के लिए काम कर रही है। आप इस विषय में क्या कहेंगे ?***

वर्तमान समय में भारत सरकार खिलाड़ियों की मेंटेनेंस व प्रैक्टिस पर बहुत ज्यादा खर्च कर रही है। यहां तक की प्रधानमंत्री मोदी हर खेल से पहले खिलाड़ियों से बात करते हैं, उनका हौंसला बढ़ाते हैं, खेल के बाद भी फोन करते हैं, बातचीत करते हैं। मेरी व अन्य अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की ज्यादातर ट्रेनिंग विदेश में हो रही है। भारत सरकार ने 5.72 करोड रुपए मेरी ट्रेनिंग में खर्च किए हैं। खेलो इंडिया स्कीम शुरू की गई है भारत सरकार की तरफ से जहां गांव- देहात से भी युवा खेलों से जुड़ सकें और देश खेलों में भी आगे बढ़े। एशियाई खेलों में भारत ने अबकी बार सौ पार का जादुई आंकड़ा पार किया था। एशियाई खेल, कॉमनवेल्थ खेल, ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा बढ़ा है और यह देश व खिलाड़ियों के लिए शुभ संकेत है।

-डॉ. सुनीता शर्मा

## Yuva स्टोरीज

### स्टूडेंट्स ने सैन्य वीरता पदक पर बनाए वीडियो



बेधड़क | जयपुर

एसवी पब्लिक स्कूल आदर्श नगर में गैलेंट्री अवार्ड पर वीडियो मेकिंग पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में दसवीं के स्टूडेंट्स ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' श्रृंखला के तहत राजस्थान और असम के सैनिकों को मिले सैन्य वीरता पदक पर वीडियो निर्माण किया।

गतिविधि में लगभग 60 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। स्टूडेंट्स ने एकल व सामूहिक दोनों ही रूप में इन वीडियो का निर्माण किया और अपने तकनीकी कौशल और कुशलता का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि का उद्देश्य स्टूडेंट्स को राजस्थान और असम के सैन्य वीरों के बलिदान से परिचित कराना तथा उनमें सैनिकों के प्रति सम्मान और भावात्मक लगाव जगाना था। स्टूडेंट्स द्वारा बनाए गए वीडियो को उनकी क्लास में स्टूडेंट्स के सामने प्रदर्शित किया गया। वीडियों में विभिन्न बटालियन और रेजीमेंट के सैनिकों और अफसरों को जीवित एवं मरणोपरांत मिले हुए परमवीर चक्र, महावीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र तथा युद्ध सेवा मेडल आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने विभिन्न स्रोतों से चित्र व आलेख एकत्रित कर वीडियो का निर्माण किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत विद्यार्थियों ने न केवल राजस्थान के सैनिकों के बारे में जाना वहीं असम के सैनिकों के बारे में भी जानने का उनको अवसर मिला। स्कूल की प्रिंसिपल अल्पा मालविया ने स्टूडेंट्स द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की।

### 20 से वितरित किए जाएंगे FMGE के पासिंग सर्टिफिकेट

बेधड़क **जयपुर** । फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (FMGE 2024) में सफल होने वाले उम्मीदवारों के लिए नया अपडेट है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज की ओर से उम्मीदवारों के पासिंग सर्टिफिकेट 20 अगस्त से वितरित किए जाएंगे। बता दें कि इस वर्ष एफएमजीई एग्जाम का आयोजन 6 जुलाई को किया गया था। इस परीक्षा के लिए कुल 35,819 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन किया था। परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को पासिंग सर्टिफिकेट 20 अगस्त से पीएसपी क्षेत्र, सेक्टर-9, द्वारका, नई दिल्ली में एनबीईएमएस कार्यालय से प्रदान किया जाएगा। सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही एंट्री स्लिप का एक प्रिंटआउट भी साथ लेकर आना होगा। पासिंग सर्टिफिकेट प्राप्त करने की लास्ट डेट 21 सितंबर तय की गई है।

### CMPFO जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर पद के लिए भर्ती निकली

**जयपुर।** कोयला खान भविष्य निधि संगठन (CMPFO) की ओर से ग्रुप के तहत जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर एवं ग्रुप सी के अंतर्गत सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है जो निर्धारित अंतिम तिथि 6 सितंबर तक जारी रहेगी। पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी CMPFO की ऑफिशियल वेबसाइट starrating.coal.gov.in/cmpfo/ पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अंत में पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें। इस भर्ती में आवेदन करने के लिए किसी भी श्रेणी को एप्लीकेशन शुल्क नहीं भरना होगा अर्थात भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क फॉर्म भरा जा सकेगा। इस भर्ती के माध्यम से कोल माइंस प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (CMPFO) की ओर से कुल 136 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर के लिए 10 पद और सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट के लिए कुल 126 पद आरक्षित हैं।

## राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर राजस्थान मेडिकल लाइब्रेरी एसोसिएशन की ओर से सेमिनार का आयोजन

# तकनीक के युग में लाइब्रेरी का डिजिटलीकरण जरूरी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान मेडिकल लाइब्रेरी एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के अवसर पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ रॉबर्ट हीलिंग लाइब्रेरी एसएमएस मेडिकल कॉलेज में पुस्तकालय के डिजिटलीकरण पर चर्चा की गई।

स्पीकर प्रोफेसर दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा- प्रोफेसर रंगनाथन द्वारा प्रतिपादित पुस्तकालय विज्ञान के पांच सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक है। पुस्तकालयों में तकनीक का प्रयोग कर उन्हें डिजिटल मोड पर लाने से जहां हर पुस्तक को उसका पाठक मिलेगा, वहीं प्रत्येक पाठक को उसके समय की बचत करते हुए वांछित पुस्तक भी मिल सकेगी।

पुस्तकालयों के डिजिटलीकरण से पुस्तकालयों में स्थानाभाव की समस्या भी नहीं रहेगी और शेष जगह का उपयोग पाठकों के बैठने की क्षमता बढ़ाकर किया जा सकेगा। उन्होंने रामायण एवं तुलसीदास के जीवन प्रसंगों से जोड़कर अपने विचार रखे।



### लाइब्रेरी का महत्व बताया

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. मोनिका जैन सहित प्रोफेसर दिनेश कुमार गुप्ता, प्रोफेसर किरोड़ी सिंह, डॉ. पीआर मीणा और डॉक्टर मिली वाजपेयी थे। डॉ. पीआर मीणा ने अपने वेलकम उद्बोधन में लाइब्रेरी के महत्व पर प्रकाश डाला और रंगनाथन जयंती पर अपने विचार व्यक्त किया। गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. मोनिका जैन ने एसएमएस मेडिकल लाइब्रेरी को जयपुर की बेस्ट लाइब्रेरी बताते हुए यहां उपलब्ध सुविधाओं की चर्चा की। सेमिनार में दो टेक्निकल सेशन रखे गए, जिनमें पार्लियामेंट न्यू दिल्ली के पूर्व लाइब्रेरियन डॉ. रवींद्र चड्ढा, डॉ. राजीव वशिष्ठ डाक्टर नंदनी खट्टर, डॉ. विनय सिंह कश्यप व विनीता चौहान ने अपने रिसर्च पेपर प्रजेंट किया। डॉ. अनीता गंगराड़े, डॉ. रिचा त्रिपाठी और डॉ. प्रभा शर्मा ने भी डिजिटाइजेशन पर अपने विचार व्यक्त किए।

### पुस्तकालयाध्यक्षों का किया सम्मान

इस अवसर पर विभिन्न पुस्तकालय अध्यक्षों को उनके कार्य उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया । इस अवसर राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एसपी सूद को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। बेस्ट लाइब्रेरियन सम्मान से एसएमएस मेडिकल लाइब्रेरी की पूर्व लाइब्रेरियन डॉक्टर मृदुला शर्मा, डॉ. अनीता गंगराड़े, नवल पांडेय, नेहा शर्मा, अर्चना पाठक, सुनील टेलर व प्रदीप शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोशल साइंस यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान जयपुर के दिन प्रोफेसर ओम महला ने पुस्तकालय के विकास पर अपने विचार व्यक्त किए।

## जयपुर जिला हैंडबॉल संघ के चुनाव

# डॉ. मनीष अग्रवाल अध्यक्ष और अरुण प्रताप सिंह बने सचिव



बेधड़क | जयपुर

जयपुर जिला हैंडबॉल संघ के रविवार को हुए चुनाव में डॉ. मनीष अग्रवाल अध्यक्ष पद पर तथा अरुण प्रताप सिंह मानद सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ. मनीष अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष ललित गुप्ता, सुब्रत सेन, आशीष जैन, अनिरुद सिंह राजावत को चुना गया।

मानद सचिव अरुण प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष लोकेश शर्मा, संयुक्त सचिव महिवर्दन सिंह, विनोद बालोदिया, पीयूष तिवारी, हर्षवर्धन सिंह सोलंकी तथा कार्यकारिणी सदस्य दीपक गुप्ता, मोहित शर्मा, दीपेंद्र प्रधान और अभिनव पालीवाल बनाए गए हैं। चुनावों में जिला क्रीड़ा परिषद् की ओर से राजेश कुमार टेलर, जयपुर जिला ओलम्पिक संघ की ओर से भंवर लाल शर्मा, राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की ओर से चंद्रवीर सिंह राजावत पर्यवेक्षक के रुप में मौजूद थे। चुनाव अधिकारी रिटायर्ड खेल अधिकारी महेश चंद सैनी थे। यह चुनाव राजस्थान स्पोर्ट्स एक्ट-2005 व नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड-2011 के प्रावधानों के तहत हुए है। निवर्तमान सचिव यश प्रताप सिंह ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनीष अग्रवाल ने कहा कि जल्दी ही कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कर आगामी टूर्नामेंटों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### जल्द जारी की जाएगी मेरिट लिस्ट

बेधड़क **जयपुर** । एसएससी सीएचएलएस टियर 1 भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों का रिजल्ट जारी होने का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्टाफ सिलेक्शन कमीशन कभी भी नतीजों की घोषणा ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर कर सकता है। नतीजे पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किये जाएंगे, जिसमें शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों का रोल नंबर दर्ज होगा।

## डी फेस्ट | 70 प्रतिभागियों ने फोक, क्लासिकल और फ्री स्टाइल में दिखाई प्रतिभा

# सोलो राउंड में भाया पुराने गानों में मॉडर्न वाला तड़का

बेधड़क | जयपुर

'डी फेस्ट' के सोलो राउंड में 70 प्रतिभागियों ने फोक, क्लासिकल और फ्री स्टाइल वेस्टर्न डांस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यहां से चयनित 35 प्रतिभागी 18 अगस्त को इन्द्रलोक ऑडिटोरियम में होने वाले सेमीफाइनल में अपनी प्रस्तुति देंगे।

बस्कर्स की ओर से रविवार को आयोजित डी फेस्ट के सोलो राउंड के जजमेंट में किशन सिंह कच्छावा, अंकुश ओझा, खुशाल आनंद, चित्रा जांगिड़, रेशमी चौहान मौजूद रहे। सभी ने प्रतिभागियों के टैलेंट की सराहना की और उन्हें महत्वपूर्ण सुझाव दिए। क्लासिकल डांस में प्रतिभागियों के हाव भाव एवं नृत्य मुद्राएं छाई रही।




### प्रतिभागियों में नजर आया गजब का आत्मविश्वास

भरतनाट्यम, ओडिसी, कथक ने क्लासिकल डांस की सुंदरता को प्रतिभागियों ने बहुत सुंदरता के साथ प्रदर्शित किया। वहीं, फोक डांस में भी प्रतिभागियों की ऊर्जा और रंग बिरंगी पोशाकों में किया गया डांस अट्रेक्ट करने वाला था। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्टेज पर गजब का आत्मविश्वास नजर आया। आयोजक बृजेश सक्सेना और हेमेंद्र सिंह गजावत ने बताया कि सभी प्रतिभागियों के मन में डी फेस्ट के फिनाले जाने का विश्वास उनकी परफॉर्मेंस में झलक रहा था। छोटी उम्र में बड़े टैलेंट को जयपुर के उभरते प्रतिभागियों ने प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के दौरान पुराने गानों को मॉडर्न तरीके से खूबसूरती के साथ प्रस्तुत करना भी खास रहा। डांस अब एक स्तर ऊपर उठ चुका है, जिसमें विभिन्न एलिमेंट्स का संगम भी दिखने लगा है। कार्यक्रम में दी गई प्रस्तुतियों में वेस्टर्न पापिंग लाकिंग, जैज की म्यूजिक्लिटी के साथ अनोखे अंदाज में पेश किया गया।

### स्वतंत्रता दिवस की भी दिखी झलकियां

कंटेम्परेरी, हिप हॉप डान्स की प्रस्तुति का स्तर बहुत उच्च था। प्रस्तुतियों में स्वतंत्रता दिवस की झलकियां भी देखने को मिली। प्रस्तुति पर दर्शकों का उत्साह भी उनकी तालियों माध्यम सें झलक रहा था। बस्कर्स की ओर से पूर्णिमा ग्रुप के सहयोग से आयोजित डी फेस्ट का उद्देश्य भविष्य के कलाकारों को मंच प्रदान करना रहा। चयनित प्रतिभागियों को बिरला ऑडिटोरीयम होने वाले अंतिम चरण में अपनी नृत्य प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

# आसमां तुम्हारा है उड़ान भरकर देखो




गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार


चैनपुरा निवासी, तारा देवी तीन बीघा कृषि भूमि की स्वामिनी हैं। तारा एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पति कारीगर हैं। घर चलाने के लिए उन्हें काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। परिवार का गुजारा मुश्किल से चलता है। तारा कहती हैं, हमारी पंचायत में जब बताया गया कि गांव की महिलाओं को ट्रैक्टर ट्रेनिंग दी जाएगी, तो मेरी खुशी का ठिकाना ना रहा। मुझे लगा भगवान ने मेरी सुन ली। अब मेरा बचपन का सपना पूरा हो जाएगा। पीहर में पिताजी का खेती का काम था। हमारे घर ट्रैक्टर भी था। लेकिन हम छह बहनों ने उसका कभी इस्तेमाल नहीं किया। हम अधिकतर पशुओं के लिए चारा सर पर ही ढोकर लाती थी। उस समय मन तो बहुत करता था कि काश ट्रैक्टर चलाना आ जाता, तो चारा लाने का काम आसान हो जाता। मगर पिताजी के सामने निशब्द थे सब। सपने, सपने ही रह गए। ट्रेनिंग को लेकर मैं खुश थी, लेकिन मेरे सामने एक बड़ी चुनौती थी। मैं खेतों में मजदूरी करती थी। जिससे मुझे प्रतिदिन 400 रुपए की आमदनी हो रही थी। अब मेरे सामने निर्णय लेना मुश्किल हो रहा था कि मजदूरी पर जाऊं या ट्रेनिंग करने। पति से जब इस बाबत मशवरा किया, तो उन्होंने समझाया, मजदूरी तो फिर भी मिल जाएगी, मगर यह ट्रेनिंग बाद में मुश्किल है। तुम बेफिक्र होकर जाओ, सब अच्छा होगा। आज ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। मैं बेहद खुश हूं। मुझे ट्रेनिंग में ट्रैक्टर संचालन, पाट्‌र्स की जानकारी, खेतों में बुवाई, जुताई सब की जानकारी दी गई। हाल ही में खरीफ फसल के लिए हमने किराए पर ट्रैक्टर लिया। जिसमें ड्राइवरी का काम मैंने खुद किया और घर के लगभग 3000 रुपए बचा लिए। अभी मेरे ससुराल में खेती अधिक नहीं है। मगर इस ट्रेनिंग ने मुझे कुशल ड्राइवर बना दिया है। मुझे आरटीओ से चारपहिया वाहन का लाइसेंस भी मिला। अब मैं अपना काम स्वयं करने के लिए एक स्कूटी खरीदने वाली हूं।

> “पंचायत चैनपुरा की महिलाओं ने यह साबित कर दिया कि आज की महिलाएं उत्साह से भरी हुई हैं। कृषि कार्यों में वह पुरुषों के समान सभी संसाधनों का इस्तेमाल बखूबी कर सकती हैं। बस उन्हें एक अवसर मिलना चाहिए। विकासोन्मुख, संस्थान, नरेना के सहयोग से इन महिलाओं ने 12 दिन ट्रैक्टर चलाने का प्रशिक्षण लिया और इन बारह दिनों ने इनकी दुनिया बदल कर रख दी। आज इन महिलाओं के सामने ढेरों चुनौतियां हैं, लेकिन ये महिलाएं इनका डटकर सामना कर रही हैं।”

**काम को मिला सम्मानः** श्रीरामपुरा निवासी, रेखा चौधरी दस बीघा कृषि भूमि की स्वामिनी हैं। रेखा घर रहकर पढ़ाई कर रही हैं। उनका अधिकतर समय ननिहाल में ही बीतता है। उन्होंने कई बार सिलाई, कढ़ाई, कम्प्यूटर की विधिवत ट्रेनिंग लेनी चाही, लेकिन यह ट्रेनिंग अधिकतर जयपुर में होती थी। उनके घरवाले इतनी दूर भेजने के लिए हर्गिज तैयार नहीं होते थे। रेखा की इच्छा मन में रह जाती थी। रेखा कहती हैं, मेरा स्वभाव बचपन से चंचल प्रवृत्ति का है और सीखना मेरे स्वभाव में रहा है। परिवार वाले भी इसको समझते थे। जैसे ही ट्रैक्टर की ट्रेनिंग की बात पंचायत में आई, मुझे मेरे मामा ने इसके बारे में बताया। उनकी मदद से सभी घरवालों ने हामी भर दी। संस्था टीम ने अच्छे से ट्रेनिंग दी। जिसमें हमें ट्रैक्टर पाटर्स, उसके काम करने के तरीके, संचालन के दौरान रखने वाली सावधानियों के बारे में बारीकी से समझाया गया। आज मैं पूर्ण रूप से अपने परिवार की खेती के कार्यों में मदद कर पा रही हूं। अबकी बार जब मैं ननिहाल से अपने घर गई, तो ट्रैक्टर चलाकर सबको अचंभित कर दिया। पिताजी ने ननिहाल वालों का आभार व्यक्त किया। मैं आज ट्रैक्टर ट्रेनिंग लेकर दो परिवारों को खेती के काम में सहयोग कर रही हूं। मुझे अच्छा लग रहा है। मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मुझे आरटीओ से चारपहिया वाहन का लाइसेंस भी मिल गया है।

**प्रतिभा को मिली पहचानः** रामनगर निवासी मोना परिहार आठ बीघा कृषि भूमि की स्वामिनी हैं। ट्रैक्टर ट्रेनिंग से पहले बाइक चलाने का सपना देखती थी। गांव में रिश्तेदारों की बाइक आती, तो उसको चलाने का प्रयास करती थी। पंचायत से ट्रैक्टर ट्रेनिंग की जानकारी मिली, तो सपना हकीकत में बदलने जैसा लगा। ट्रेनिंग पूरी की। खेतों में जुताई का वास्तविक अनुभव मिला। मोना कहती हैं, हमारे परिवार में ट्रैक्टर था, लेकिन हमारे लिए इसका उपयोग न के बराबर था। हम ट्रैक्टर से डरते थे। परिवार वाले भी कभी इस पर बैठने नहीं देते थे। ट्रेनिंग पूरी हुई तो पिताजी बहुत खुश हुए। उनका कहना था, अब हमारे खेत समय पर जोते जाएंगे। जिससे फसल की पैदावार में वृद्धि होगी। पिताजी को संतुष्टि है कि उनके घर पर नहीं होने पर भी खेती का काम मेरी बेटी पूरा कर लेगी। आज मैं स्वयं अपने खेतों में ट्रैक्टर चलाकर ले जाती हूं। बुवाई, जुताई और ट्रॉली संबंधित ट्रांसपोर्ट जैसे चारा लाना, खेतों में खाद डालना आदि काम कर रही हूं। अभी खरीफ की फसल में जुताई, बुवाई खाद डालने जैसे काम करके परिवार में 5000 से 8000 रुपए की बचत की है। आरटीओ से चार पहिया वाहन का लाइसेंस मिलने से मुझे ड्राइवरी करने के लिए मान्यता मिल चुकी है।

**हौसलों ने भरी उड़ानः** रामनगर की ही रामफूल देवी सात बीघा कृषि भूमि की स्वामिनी हैं। घर-परिवार के कार्य करती थीं। खेती में मजदूरी करना, बच्चों को स्कूल छोड़ना उनके लालन-पालन में ही पूरा दिन लग जाता था। मन में कुछ अलग करने का विचार हमेशा बना रहा, लेकिन कभी मौका नहीं मिला। पति मकान बनाने का काम करते हैं। वे अधिकतर गांव से बाहर ही रहते हैं। इस कारण परिवार की जिम्मेदारी रामफूल पर ही रहती है। रामफूल देवी कहती हैं, मुझे अपने सपने पूरे करने का कभी समय ही नहीं मिला। ट्रैक्टर ट्रेनिंग की जानकारी मिली, तो पति की सहमति के बाद रोजाना गांव की अन्य महिलाओं के साथ ट्रेनिंग लेने लगी। आज मैं अपने खेतों में ट्रैक्टर से सभी काम कर लेती हूं। अब मेरे सपने साकार होने लगे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### आगजनी, लूटपाट व हमलों के विरोध में किया बड़ा प्रदर्शन

# बांग्लादेश में हुंकार भरने लगे हिंदू!




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


> “प्रदर्शन में केवल हिंदू ही नहीं थे, बल्कि ईसाई और बौद्ध भी थे। हुंकार भरी कि ‘हम यहीं पैदा हुए हैं, यहीं मरेंगे। हम अपना देश (जन्मभूमि) छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे और अपने पर हो रहे जुल्मों व बर्बर हिंसा का साहस के साथ प्रतिकार करेंगे।’ बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद 64 जिलों में से 52 जिलों में हिंदुओं के खिलाफ 205 हिंसक घटनाएं घट चुकी हैं।”

बांग्लादेश में संक्रमण के इस दौर में पिटते हुए नहीं, बल्कि हुंकार भरते हिंदु दिखाई दे रहे हैं। हिंदुओं का यह बदला रुख न केवल उनके लिए, उनके राष्ट्र का नागरिक बने रहने का अभिमान है, बल्कि शरणार्थी या घुसपैठिए की लाचारी से मुक्त बने रहने का स्वाभिमान भी है। उनकी इस भावना को सम्मान देते हुए मुहम्मद यूनुस को कहना पड़ा है कि हिंदू देश के नागरिक हैं, अतएव उनके प्रति हर प्रकार की हिंसा तत्काल बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा भी कि हम ऐसी सरकार का गठन करेंगे, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए यह भी कहा कि अगर आपको मुझ पर भरोसा है तो यह तय करना होगा कि देशभर में कहीं भी किसी पर कोई हमला नहीं किया जाए।

यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि आप मेरी बात नहीं सुनते हैं तो यहां मेरी कोई आवश्यकता नहीं है। यह कथन इस बात का संकेत है कि यूनुस अब देश में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध भेदभाव एवं अन्याय नहीं देखेंगे। दरअसल यूनुस बुद्धिजीवी होते हुए नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, इसलिए उन्हें तत्काल शेख हसीना या खालिदा जिया की तरह वोट-बैंक के लिए बहुसंख्यक हित साधने की जरूरत नहीं रह गई है। बांग्लादेश में एकाएक तख्तापलट के बाद हालात बद से बदतर होते दिखाई दिए हैं। नतीजतन पुलिस बलों ने हड़ताल करके 650 थानों में तालाबंदी कर दी थी। इस कारण अराजकतावादी तत्वों को खुली छूट मिल गई और वे बांग्लादेश में रहने वाली लगभग 1 करोड़ 30 लाख की हिंदू आबादी वाले क्षेत्रों में आक्रामक होते दिखाई दिए। अतएव हिंदुओं को अपनी रक्षा के लिए स्वयं आगे आना पड़ा। एक हिंदू महिला के हाथ में हंसिया भी दिखा। यह हंसिया इस बात का प्रतीक रहा कि यदि किसी महिला से दुराचार की कोशिश अताताईयों ने की तो हिंदू स्त्री देवी दुर्गा की प्रतीक बनकर प्रतिहिंसक के अवतार में आ जाएगी। अपनी संगठन क्षमता दिखाने की दृष्टि से बांग्लादेश में हिंदू जागरण मंच के नेतृत्व में हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक समुदाय राजधानी ढाका के शाहबाग में एकत्रित हुए और आगजनी, लूटपाट व हमलों के विरोध में बड़ा प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में केवल हिंदू ही नहीं थे, बल्कि ईसाई और बौद्ध भी थे। इन लोगों ने हुंकार भरी कि ‘हम यहीं पैदा हुए हैं, यहीं मरेंगे। हम अपना देश (जन्मभूमि) छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे और अपने पर हो रहे जुल्मों व बर्बर हिंसा का साहस के साथ प्रतिकार करेंगे।’ बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद 64 जिलों में से 52 जिलों में हिंदुओं के खिलाफ 205 हिंसक घटनाएं घट चुकी हैं। कई हिंदुओं के गांव जला दिए गए। नतीजतन लोगों को पलायन करना पड़ा। इस घटना को लेकर बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिषद ने अंतरिम सरकार के नेता मुहम्मद यूनुस को खुला पत्र लिखकर कहा है कि ‘अल्पसंख्यकों में गहरी चिंता और अनिश्चिता है। सरकार को तत्काल ऐसे हालातों को संज्ञान में ले।’ संयुक्त राष्ट्र की महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि ‘हम बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले के खिलाफ हैं। हम यह तय करना चाहते हैं कि तुरंत बांग्लादेश में चल रही हिंसा को नियंत्रित किया जाए। हम किसी भी नस्ल आधारित हमले या हिंसा भड़काने के उपायों के विरुद्ध खड़े हैं। हालांकि बांग्लादेश में विद्रोही इतने उग्र हैं कि वहां की सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ओबैदुल हसन को प्रदर्शनकारियों के दबाव में इस्तीफा देना पड़ा है। लोग अदालत में घुसते चले गए थे। इस बीच देखने में आया है कि संयुक्त राष्ट्र और मुहम्मद यूनुस तो हिंदुओं की सुरक्षा की पैरवी कर रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस और विपक्षी दलों के होंठ सिले हुए हैं। प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने वक्तव्य में बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की न तो कोई बात की और न ही उनका कहीं कोई उल्लेख किया। कांग्रेस की इस मनस्थिति पर कटाक्ष करते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि ‘कांग्रेस गाजा और फिलिस्तीन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहां के हालात पर समय-समय पर चिंता जताती है। मगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर अपना मुंह नहीं खोलती है। आखिर कांग्रेस की ऐसी क्या मजबूरी है कि राहुल गांधी को गाजा की तो चिंता है, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कोई चिंता दिखाई नहीं दे रही है। याद रहे कांग्रेस व विपक्ष की इस वोट-बैंक की राजनीति के चलते कश्मीर में आतंक और अलगाववाद बढ़ा, नतीजतन वहां से पांच लाख से भी ज्यादा हिंदू, सिख और बौद्धों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा। क्या कांग्रेस बांग्लादेश में भी हिंदुओं की यही दुर्दशा देखने की इच्छुक है?

हिंदुओं पर हमले, मंदिरों और दुर्गा पंडालों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हृदय विदारक घटनाएं पाकिस्तान और बांग्लादेश में आम बात रही है। इन सब के बीच बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समाज की आवाज को मुखर ढंग से उठाया नहीं जा सका है। इसका बड़ा कारण है कि पिछले चार दशकों के दौरान वहां से हिंदूओं की आबादी पांच फीसदी घटकर 13.5 से मात्र 8.5 फीसदी रह गई है। बड़ी संख्या में हिंदुओं का पलायन भारत में होता रहा है। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा है, राजनीतिक रूप से हशिए पर चला जाना। परंपरागत रूप से हिंदू वोटर बांग्लादेश में सत्तारूढ़ आवामी लीग के समर्थक रहे हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना खुद को धर्मनिरपेक्ष बता कर हिंदुओं को सुरक्षा मुहैया कराने का वादा तो करती रही हैं, लेकिन हमले की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश अपने कार्यकाल में कभी नहीं लगा पाईं। हिंदू बांग्लादेश में इसलिए कमजोर हुए, क्योंकि पलायन करके भारत का रुख करते गए। यह पहली बार हुआ है कि बांग्लादेश के सभी अल्पसंख्यकों ने मिलकर विरोध प्रदर्शन किया और वहां की सरकार को देश का नागरिक होने के अधिकार को जताया। यदि हिंदू इसी दृढ़ता से पेश आते रहे तो उन्हें पलायन करके किसी अन्य देश का शरणार्थी बने रहने की जरूरत शायद नहीं रह जाएगी।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले एक निश्चित पद्धति के अनुसार होते रहे हैं। दंगों के पहले कुछ सामग्री सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाती है और इसे इस्लाम के खिलाफ करार दे दिया जाता है। फिर कट्टरपंथी संगठन हिंदुओं पर हमले का फरमान जारी कर देते हैं। इसके बाद हमलों का दौर शुरू हो जाता है। उधर सरकार बस बयानबाजियां करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। ये बात अब अल्पसंख्यक खासकर हिंदू समुदाय भी समझ चुका है, लेकिन राजनीतिक रूप से हाशिए पर होने से कुछ नहीं कर पाते। हिंदू, बौद्ध व सिख अल्पसंख्यकों के निरंतर पाकिस्तान, बांग्लादेश और कश्मीर में संख्यात्मक रूप से कम होते जाने से स्थिति बिगड़ती जा गई है। अफगानिस्तान में भी यही हाल है। कुछ सालों के भीतर अफगानिस्तान से हिंदू और सिख लगभग पूरी तरह पलायन कर गए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



### व्यंग्य

# जो हमारे साथ हम उसके साथ




दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार


एक दिन मैं अपने नेता मित्र गुड़की के घर के सामने से निकल रहा था। मैंने देखा उसके घर की बाहर की दीवार पर लिखा स्लोगन ‘सबका साथ सबका विकास’ गायब था। उसके स्थान पर नया स्लोगन लिखा था ‘जो हमारे साथ हम उसके साथ’।

संयोग से गुड़की दूसरे दिन सवेरे गार्डन में घूमता हुआ मिला गया। घूमने के बाद हम दोनों एक बैंच पर यहां वहां की बातें करते बैठ गए। तभी मैंने पूछा ‘तुमने यह नया स्लोगन अपने घर की दीवार पर क्यों कर लिखवाया? जबकि पहले जो सबका साथ सबका विकास लिखा था। वह लोकतंत्र में रामराज की कल्पना का एक आदर्श था। सरकार उसी के आधार पर गांव गरीब और गली मोहल्ले तक पहुंचकर सहायता करती आ रही थी। क्या अब नया चिंतन होने लगा है?’ वह मुस्कुराया और फिर सच्चे अनुभव वाली बात बताता हुआ बोला ‘अब रामराज का लोकतंत्र की भीड़ में चलना मुंगेरीलाल के सपने जैसा है। आज यह आउट ऑफ डेट हो गया। कितना भी जन जन का कल्याण करो, कोई वांछित रिटर्न नहीं। अब तक जिसके लिए जी जान से संकल्प लेकर उसे लाभान्वित कर रहे थे, वही समय पर साथ खड़े नजर नहीं आए तो फायदा भी क्या? लगता है लोकतंत्र में विकास के आधार पर वोट नहीं मिल रहे। आज व्यक्ति का मन दूसरों के लिए जीने का कम और स्वयं के लिए जीने का अधिक बना हुआ है।

आज तो भाई भी पहले अपना व अपने परिवार का विकास चाहता है। भाई जो बचपन में कितना भी साथ रहा हो, वह भी सहयोग की भावना से दूर बना रहता है। फिर आज की इस स्वार्थी दुनिया में क्यों सरकार व पार्टी भी सबका ठेका ले। लोकतंत्र में जो जनता साथ दे बस उसी के साथ चलने में सार्थकता है। वर्षों के लंबे अनुभव के चलते अब हवा हवाई इस स्लोगन को बदलकर जमीनी स्लोगन ‘जो हमारे साथ हम उसके साथ’ को जन जन तक पहुंचाएंगे।

इससे यह मालूम पड़ जाएगा कि कौन सच्चा साथी है और कौन- विश्वास के काबिल। अब वास्तविक जीवन रेखा पर कदम आगे बढ़ाकर चलना होगा। अब जल्दी पूरी पार्टी में यही मंत्र उतरना चाहेंगे। लोकतंत्र में जो जनता हमारे साथ रहेगी वही हमारी सिल्वर लाइन रहेगी। अब जल्दी ही कल से शहर में कई स्थानों पर यही लिखा जाएगा, ‘जो हमारे साथ हम उसके साथ।’

### नॉलेज कॉर्नरः राणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था निर्माण

# रणकपुर मंदिर, जो बना है 1444 खंभों पर!

राजस्थान के पाली जिले में बसा रणकपुर जैन मंदिर अपने-आप में अद्भुत है। राजस्थान का यह मंदिर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। जगलों और अरावली की पहाड़ियों के बीच स्थित यह मंदिर जैन धर्म का विशेष देवस्थान है। राजस्थान ऐसा राज्य है जहां कई प्रसिद्ध और भव्य स्मारक बने हुए हैं। फिर चाहे माउंट आबू में दिलवाड़ा के विख्यात जैन मंदिर हो या जयपुर का गोविंद देव जी मंदिर, सभी की अपनी पहचान और अपनी महिमा है। इन्हीं मे रणकपुर का मंदिर भी शामिल हैं। यह मंदिर जैन धर्म के पांच प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। इसका निर्माण 15वीं शताब्दी में राणा कुंभा के शासनकाल में हुआ था। इसलिए इस स्थान का रणकपुर पड़ा।

## मंदिर के बारे में

इस मंदिर का परिसर लगभग 40 हजार वर्ग फीट में फैला हुआ है। मंदिर के इतिहास की बात करें तो, करीब 600 वर्ष पूर्व 1446 विक्रम संवत में इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इससे बनने में करीब 40 वर्षों से अधिक का समय लगा। इसे बनाने में करीब 99 लाख रुपए खर्च हुए थे। मंदिर में प्रवेश करने के लिए चार कलात्मक प्रवेश द्वार बने हुए हैं। जो इसे सबसे खास बनाता है। मुख्य गृह में तीर्थंकर आदिनाथ की 72 इंच ऊंची संगमरमर की चार विशाल मूर्तियां बनी हुई हैं। ये चारों मूर्तियां



चारों दिशाओं की ओर अशोक स्तंभ की तरह उन्मुख हैं। यही कारण है कि इस मूर्ति को चतुर्मुखी कहा जाता है। मंदिर में 76 छोटे गुम्बदनुमा पवित्र स्थान बने हुए हैं। इसके अलावा प्रार्थना करने के लिए चार बड़े कक्ष तथा चार पूजा के लिए स्थान बनाए गए हैं। ये सभी स्थान इंसान को जीवन-मृत्यु की 84 लाख जीवयोनियों से मुक्ति प्राप्त कर मोक्ष में जाने के लिए प्रेरित करते हैं।

## प्रदेश का भव्य मंदिर

रणकपुर जैन मंदिर को राजस्थान के भव्य मंदिरों में गिना जाता है। यह पाली जिले में अरावली पर्वत की घाटियों के मध्य स्थित है। मंदिर के गलियारे में मंडप बने हुए हैं, इन मंडपों में सभी 24 तीर्थंकरों की तस्वीरें बनी हुई है। चारों ओर जंगलों से घिरा यह मंदिर अपने-आप में अनोखा है। इस मंदिर की सुंदरता देखते ही बनती है। रणकपुर मंदिर उदयपुर संभाग से 96 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके बारे में कहा जा सकता है, कि हमारे देश में जितने भी जैन मंदिर हैं, संभवतः यह उन सभी में अधिक भव्य और विशाल है। मंदिर में लगे 1444 खंभे इसे सबसे खास बनाते हैं। इन सभी खंभों पर सुंदर नक्काशी की गई है।

**मंदिर में बनवाए हैं कई तहखाने**


*भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए इसलिए मंदिर निर्माताओं ने इसमें कई तहखाने बनवाए। ताकि किसी प्रकार का संकट आने पर मंदिर की पवित्र मूर्तियों को तहखानों में सुरक्षित रखा जा सके। यहां एक संगमरमर के टुकड़े पर बहुत ही सुंदर तरीके से भगवान ऋषभदेव के पदचिह्न भी बने हुए हैं।*

*कंटेंटः प्रताप सिंह नेगी*

X



**स्वामी अवधेशानंद, संत,** आध्यात्मिक गुरु
@AvdheshanandG
सफलता प्राप्ति के लिए सही योजना और उसका सही समय पर चयन आवश्यक है। लक्ष्य को सर्वोपरि रखें और उसकी प्राप्ति तक प्रमादरहित गतिमान रहें।



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु
@Srisri
जीवन” के खेल में जीतना ज़रूरी है, वहाँ तुम्हारी आत्मा ही निर्णायक है।
#Olympics



**उज्ज्वल पाटनी,** मोटिवेशनल स्पीकर
@Ujjwal_Patni
किसी का कोई गुण आपको प्रभावित करे तो अपने STATUS की परवाह किए बिना आपको उस व्यक्ति के पास जाकर यह कहने का साहस होना चाहिए कि मैं आपसे सीखना चाहता हूं।

## SC-ST आरक्षण पर गरमाई सियासत: अधिकतर नेता क्रीमीलेयर के खिलाफ, केवल मांझी ने की हिमायत

# BJP आरक्षण विरोधी: अखिलेश, 3-4 दलित जातियों को ही लाभ: मांझी

एजेंसी | लखनऊ/ पटना

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में उप-वर्गीकरण और 'क्रीमी लेयर' के विवाद में सियासत गर्माती जा रही है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को को सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा की अंदरूनी सोच सदैव आरक्षण विरोधी रही है और इसीलिए भाजपा पर से 90 फीसदी पीडीए समाज का भरोसा लगातार गिरता जा रहा है। वहीं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि दलितों में केवल तीन-चार जातियां ही



फल-फूल रही हैं। सरकार को उन दलित जातियों के उत्थान के लिए प्रावधान करना चाहिए जो पिछड़ी हुई हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, किसी भी प्रकार के आरक्षण का मूल उद्देश्य उपेक्षित समाज का सशक्तीकरण होना चाहिए, न कि उस समाज का विभाजन या विघटन। इससे आरक्षण के मूल सिद्धांत की ही अवहेलना होती है। यादव ने दावा किया, अनगिनत पीढ़ियों से चले आ रहे भेदभाव और मौकों की गैर-बराबरी की खाई चंद पीढ़ियों में आए परिवर्तनों से पाटी नहीं जा सकती। उन्होंने कहा कि 'आरक्षण' शोषित, वंचित समाज को सशक्त और सबल करने का सांविधानिक मार्ग है। इसी से बदलाव आएगा, इसके प्रावधानों को बदलने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा सरकार हर बार अपने गोलमोल बयानों और मुक़दमों के माध्यम से आरक्षण की लड़ाई को कमज़ोर करने की कोशिश करती है, फिर जब पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) के विभिन्न घटकों का दबाव पड़ता है, तो दिखावटी सहानुभूति दिखाकर पीछे हटने का नाटक करती है।

### दलितों की 3-4 जातियों से बन रहे आईएएस-आईपीएस

दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को पटना में कहा कि सरकार को उन दलित जातियों के उत्थान के लिए प्रावधान करना चाहिए जो पिछड़ी हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, मुझे पता है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को यह स्पष्ट कर दिया कि एससी और एसटी के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर के लिए प्रावधान नहीं होंगे। मैं बैठक में मौजूद था। मैंने यह मुद्दा उठाया कि सरकार को उन दलित जातियों के उत्थान के लिए प्रावधान करना चाहिए जो पिछड़ रही हैं। उन्होंने कहा, दलितों में केवल तीन से चार जातियां हैं जो एससी/एसटी कोटा का सारा लाभ ले रही हैं और इन्हीं के लोग आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी और इंजीनियर बन रहे हैं। बाकी सभी समूह पीछे हैं। दलितों में केवल तीन-चार जातियां ही फल-फूल रही हैं... शिक्षा की कमी मुख्य कारण है।



दलित वर्ग में भुइयां, मुसहर, डोम समेत कई अन्य जातियां पिछड़ गई हैं। सरकार को इन दलित जातियों के उत्थान के लिए प्रावधान करना चाहिए।

### उद्धव पर हमले को लेकर राउत ने BJP पर साधा निशाना

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना-यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे के काफिले पर हमले का मामला तूल पकड़ रहा है। अब इसके बाद शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने इस मुद्दे पर सत्ताधारी पार्टी पर हमला बोला है। सांसद संजय राउत ने आरोप लगाया कि दिल्ली के अहमद शाह अब्दाली महाराष्ट्र में अराजकता फैलाने के लिए 'सुपारी' दे रहे हैं। उनका ये आरोप अप्रत्यक्ष रूप से गृहमंत्री अमित शाह पर था। उद्धव ठाकरे काफिले पर शनिवार रात हमला हुआ। संजय राउत ने कहा, आपसे ऐसा करवाया जा रहा है। संजय राउत ने ये भी कहा, मैं किसी पार्टी का नाम नहीं ले रहा हूं, लेकिन महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही वे लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि शनिवार रात को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के काफिले पर नारियल और गाय का गोबर फेंका गया था। आरोप है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं इसमें शामिल थे।

### सुप्रिया सुले ने किया फोन हैक होने का दावा

**मुंबई।** राकांपा (एसपी)सांसद सुप्रिया सुले ने रविवार को दावा किया कि उनका फोन हैक हो चुका है। सुले ने इसको लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिख लोगों से उन्हें फोन कॉल या वॉट्सऐप ना करने की गुजारिश की। उन्होंने लिखा कि मैंने इस मामले की शिकायत पुलिस में कर दी है। सुप्रिया सुले बारामती से सांसद हैं और महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार की बेटी हैं। सुप्रिया सुले ने कहा कि महाराष्ट्र में जो कुछ हो रहा है, उसकी मैं नई शिकार हूं। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है, लेकिन यह मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने एसपी पंकज देशमुख से इस बारे में बात भी की, जिन्होंने मामले में जांच का आश्वासन दिया। पुणे ग्रामीण पुलिस ने बताया कि जांच जारी है। इसको लेकर तकनीकी जानकारी जुटाई जा रही है।

## हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट पर मचा घमासान... राहुल केंद्र पर बरसे

# यह बड़ा घोटाला, जांच के लिए जेपीसी का गठन जरूरी: खरगे

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट पर देश में सियासी घमासान शुरू हो गया है। रिपोर्ट में सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके परित धवल बुच पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। विपक्ष ने इस मामले को लेकर सरकार को घेरा है और माधवी और उनके पति के खिलाफ तुरंत जांच के आदेश देने की मांग की है। हालांकि माधवी ने इन दावों को खारिच करते हुए चरित्र हनन करने का प्रयास बताया है। राहुल गांधी के पूछा कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच पर लगाए गए आरोपों के बाद उन्होंने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अदाणी समूह और सेबी की कथित मिलीभगत से हुए घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से कराई जाए।

खरगे ने कहा कि इस बड़े घोटाले की जांच के लिए जेपीसी के गठन की जरूरत है।। नहीं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करके अपने सहयोगियों को बचाते रहेंगे।

खरगे ने कहा कि सरकार को अदाणी समूह के घोटालों की जांच कराकर सेबी पर लगे आरोपों पर स्थिति स्पष्ट करनी होगी। साथ ही तुरंत कार्रवाई करनी होगी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई एक पोस्ट में खरगे ने कहा कि जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में अदाणी समूह पर लगे आरोपों पर खारिज कर दिया था। अब सेबी प्रमुख पर आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के निवेशक अपनी मेहनत की कमाई शेयर बाजार में निवेश करते हैं।



### यह किया गया हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में दावा

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ताजा रिपोर्ट में सेबी की प्रमुख और उनके पति पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ताजा रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि सेबी की अध्यक्ष माधबी बुच और उनके पति की कथित अडाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट विदेशी फंड में हिस्सेदारी थी। उनकी मॉरीशस की ऑफशोर कंपनी 'ग्लोबल डायनामिक ऑपर्चुनिटी फंड' में हिस्सेदारी है।

### सुप्रीम कोर्ट स्वत संज्ञान ले: राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि छोटे खुदरा निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले सेबी की प्रतिष्ठा को उसके चेयरपर्सन पर लगे आरोपों ने गंभीर रूप से ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा,देश भर के ईमानदार निवेशकों के पास सरकार के लिए महत्वपूर्ण सवाल हैं- सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया? अगर निवेशक अपनी मेहनत की कमाई खो देते हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सेबी अध्यक्ष या गौतम अदाणी? सामने आए नए और बेहद गंभीर आरोपों के मद्देनजर क्या सुप्रीम कोर्ट इस मामले की फिर से स्वतः संज्ञान लेकर जांच करेगा? उन्होंने कहा कि अब यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी जेपीसी जांच से इतना क्यों डरते हैं और इससे क्या पता चल सकता है।

### आप ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने हिंडनबर्ग के आरोपों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। 'आप' नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले निष्पक्ष जांच के लिए अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट को इसका संज्ञान लेना चाहिए।संजय सिंह ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अडाणी मामले को लेकर सेबी अध्यक्ष की जांच का कोई मतलब नहीं है। इस घोटाले में देश के आम लोगों के 8 लाख 50 हजार करोड़ रुपए डूबे हैं। जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री सत्ता में हैं, तब तक इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिए जेपीसी बनाई जाए। उन्होंने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए नए आरोपों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने का भी आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष पहले दायर की गई रिपोर्ट निराधार थी और उसमें सच्चाई छिपाई गई थी।

## कांग्रेस की अहम बैठक कल

# एससी-एसटी कोटा व चार राज्यों विस चुनावों पर होगा मंथन



एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 13 अगस्त को पार्टी के शीर्ष निकाय एआईसीसी और राज्य नेताओं के साथ विवादास्पद एससी/एसटी कोटा मुद्दे पर चर्चा करेंगे ताकि इस मामले पर पार्टी के दृष्टिकोण को मजबूत किया जा सके। इसके अलावा संगठन को मजबूत करने के तरीकों और महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों पर भी चर्चा की जाएगी। कांग्रेस के प्रभारी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने बताया, यह बैठक कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा के लिहोगी। इसमें कांग्रेस महासचिवों, राज्य प्रभारियों और पार्टी की राज्य इकाइयों के प्रमुख शामिल होंगे।

सूत्रों ने कहा कि यह बैठक लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद हो रही है, जिसमें देश भर के शीर्ष नेता शामिल होंगे। इसमें राज्यों में एससी/एसटी के लिए कोटा के भीतर उप-वर्गीकरण के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। एससी/एसटी कोटा मुद्दा हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद चर्चा में आया, जिसमें राज्यों को एससी और एसटी श्रेणियों के भीतर उप-वर्गीकरण बनाने की अनुमति दी गई थी, ताकि इन श्रेणियों के भीतर सबसे पिछड़े समुदायों को निश्चित उप-कोटा के माध्यम से व्यापक सुरक्षा प्रदान की जा सके।

पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा, इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर चर्चा करना और एक दृष्टिकोण बनाना जरूरी है। ओबीसी कोटा एससी/एसटी के कोटे से अलग है। जब बीआर अंबेडकर ने संविधान का मसौदा तैयार किया था, तो उन्होंने कहा था कि दस्तावेज में 'एक व्यक्ति, एक वोट' के रूप में राजनीतिक समानता थी, चाहे वह किसी भी स्थिति का हो, लेकिन ऐतिहासिक कारकों के कारण कोई सामाजिक समानता नहीं थी।

## शरद पवार ने पीएम मोदी के दावे पर उठाया सवाल

# आय तो नहीं बढ़ी, किसानों की आत्महत्याएं हो गईं दोगुनी

एजेंसी | सोलापुर

राकांपा(एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के दावे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की आय तो नहीं बढ़ी, बल्कि उनकी आत्महत्याएं दोगुनी हो गईं हैं। किसानों को उपज की पर्याप्त कीमत नहीं मिल रही है। साथ ही वे कर्ज में डूब गए हैं। सोलापुर के बार्शी में एक रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि केंद्र



और राज्य की भाजपा सरकारों ने किसानों की कठिनाइयों को कम करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए काम नहीं किया। युवा नौकरी का संकट झेल रहे हैं। इसलिए हमें सरकार बदलनी होगी। भाजपा अपने नारे 400 पार के बाद भी लोकसभा चुनाव में 300 सीटें भी नहीं जीत सकी। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि राज्य में सरकार बदली जाए और एक ऐसा शासन स्थापित किया जाए जो किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों की रक्षा करे। ज्ञात रहे कि राकांपा (एसपी) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अभियान की शुरुआत करते हुए शिव स्वराज्य यात्रा शुरू की है।

## उत्तर प्रदेश: मायावती की अब उपचुनाव पर नजर

# यूपी की 10 विस सीटों पर चुनाव लड़ेगी BSP

एजेंसी | लखनऊ

बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव के बाद खाली हुई उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी और पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी।

मायावती ने लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की एक समीक्षा बैठक में यह घोषणा की। सामान्यतया उपचुनावों से दूर रहने वाली बसपा ने इस उपचुनाव को पूरे दमखम से लड़ने का फैसला किया है।



मायावती ने एक बयान में कहा है, खासकर सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी सरकार द्वारा उपचुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेने के कारण इन उपचुनावों में लोगों की रुचि काफी बढ़ी है। बसपा ने भी इन उपचुनावों में सभी 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। बसपा प्रमुख ने इस बयान की प्रति अपने सोशल मंच एक्स पर भी साझा की। उन्होंने आग्रह किया कि चूंकि, बसपा गरीबों, वंचितों और पीड़ितों की पार्टी है तथा दूसरे दलों की तरह यह बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के सहारे और इशारे पर नहीं चलती है, इसलिए इसके समर्थक पूरे तन-मन-धन से सहयोग कर पार्टी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएं। ज्ञात रहे कि राज्य में 2022 के विधानसभा चुनाव में कुल 403 सीटों में मात्र एक सीट और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह सफाया होने के बाद बसपा की उम्मीदें अब उपचुनावों पर टिकी हैं।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर जोर

# विभिन्न देशों में हिंदुओं का सफाया करने की हो रही हैं कोशिश: होसबोले

एजेंसी | बेंगलुरु

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बड़ी साजिश की ओर इशारा किया है। बेंगलुरु में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने दावा किया कि विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिशें की जा रही हैं।

उन्होंने हिंसाग्रस्त बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के क्षेत्रीय कार्यालय 'धर्मश्री भवन' के उद्घाटन के अवसर पर होसबाले ने कहा कि दुनिया के कई स्थानों पर हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक



स्तर पर पहुंच गए हैं और इस संबंध में आवाज उठानी होगी।

होसबोले ने दावा किया कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हिंदू जिस देश में रहते हैं, उसके विकास में योगदान दे रहे हैं। वे नियमों और विनियमों का पालन करते हैं। साथ ही, शांति से रहते हैं जो कि गर्व की बात है। होसबाले ने कहा, फिर भी, विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिशें हो रही हैं। हम देख रहे हैं कि बांग्लादेश में क्या हो रहा है। भारत सरकार अपनी तरफ से कोशिश कर रही है। हमें अपनी आवाज उठानी होगी। उन्होंने दावा किया कि हिंदू किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि खुद की सुरक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं।

### हिंदू एकता पर जोर

सभा को संबोधित करते हुए विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने चारों दिशाओं में शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों के कारण भारत के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को रेखांकित किया तथा हिंदू एकता पर जोर दिया। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से तुरंत हिंदुओं पर हमले रोकने की दिशा कदम उठाने को कहा था।

### मेघालय के ग्रामीण चिंतित रात में कर रहे हैं निगरानी

**शिलांग।** बांग्लादेश में हिंसा के बीच वहां से पलायन के लोगों के भारत आने की खबर ने मेघालय के एक गांव के निवासियों नींद उड़ा दी है। इसलिए, गांव के लोग इन दिनों बांग्लादेश से अलग करने वाली बांस की बाड़ को मजबूत कर रहे हैं। साथ ही पूरी रात जागकर चौकसी कर रहे हैं। पूर्वी खासी हिल्स जिले के लिंगखोंग गांव के 90 निवासियों ने सीमा पार से अपराधों को रोकने के लिए कोरोना महामारी के दौरान सीमा पर बांस की बाड़ लगा दी थी। लिंगखोंग मेघालय के उन क्षेत्रों में से एक हैं, जहां जमीन के सीमांकन के मुद्दों और अंतरराष्ट्रीय सीमा आधार या शून्य रेखा 150 गज के भीतर आबादी की मौजूदगी के कारण सीमा पर बाड़ का निर्माण नहीं किया जा सका। गांव के अधिकांश घर अंतरराष्ट्रीय सीमा के बहुत करीब हैं। जबकि शून्य सीमा रेखा पर एकमात्र फुटबॉल का मैदान है, जिसमें बच्चे हर समय बीएसएफ की निगरानी में खलते हैं। हालांकि, पांच अगस्त को हसीना सरकार के पतन के बाद लिंगखोंग में कोई गंभीर घटना नहीं हुई है।

### बंगाल, त्रिपुरा-मेघालय में पकड़े गए बांग्लादेश के 11 लोग

बांग्लादेश के 11 नागरिक पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय सीमाओं के जरिए भारत में घुसपैठ की कोशिश करते पकड़े गए हैं। सीमा सुरक्षा बल ने रविवार को यह जानकारी दी है। बल के अनुसार इन लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य पुलिस को सौंप दिया जाएगा। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा सीमा से दो-दो और मेघालय सीमा से सात को पकड़ा गया है। बताया गया कि बीएसएफ बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर अत्याचारों को लेकर अपने समकक्ष बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बल बीजीबी के साथ संपर्क में है। इससे पहले पूर्वी कमान प्रमुख, अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी ने शनिवार को 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा के लिए एक ऑपरेशनल कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की थी। बीएसएफ ने कहा है कि सीमा नियंत्रण, सुरक्षा व प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया है। इसके अलावा, अपने समकक्ष बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ घनिष्ठ सहयोग जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

## जरूरी खबर

### भारत की मदद वाले दो प्रोजेक्ट का उद्घाटन



**माले।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को मालदीव के अड्डू शहर का दौरा किया, जहां उन्होंने भूमि सुधार परियोजना सहित भारतीय समर्थन से क्रियान्वित प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जयशंकर की मालदीव की आधिकारिक यात्रा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार ग्रहण करने के बाद किसी मंत्री की पहली यात्रा है। विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान अड्डू रिक्लेमेशन परियोजना और अड्डू समुद्रतट संरक्षण परियोजना का उद्घाटन किया। एक अन्य परियोजना, गौकेडी और माराधू को जोड़ने वाला एक पुल, भारत की एएफसीओएनएस कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है।

### इंफाल: विस्फोट में पूर्व एमएलए की पत्नी की मौत



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक बम विस्फोट में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बम विस्फोट शनिवार शाम सैकुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के निकट स्थित एक घर में किया गया। विस्फोट में हाओकिप की पत्नी चारुबाला घायल हो गईं। उन्हें सैकुल में एक स्वास्थ्य सुविधा में ले जाया गया, इसके बाद उनकी मौत हो गई। जब विस्फोट हुआ तो हाओकिप भी अपने घर में थे लेकिन इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई। जानकारी के लिए बता दें कि 59 साल की चारुबाला हाओकिप मैतेई समुदाय से थीं।

### एविएशन इंस्टीट्यूट का प्लेन क्रैश, पायलट घायल

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में रविवार को एयर स्ट्रिप पर टू सीटर प्लेन क्रैश हो गया। दुर्घटनाग्रस्त प्लेन एविएशन ट्रेनिंग इंटीट्यूट का बताया जा रहा है, हादसे में दो पायलट घायल हुए हैं। सूचना पर कैंट पुलिस समेत अन्य अधिकारी मौके पर हैं। इंजन के फेल होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कर्नाटक के बेलगावी एविएशन ट्रेनिंग इंटीट्यूट के एयरक्राफ्ट 152 ने रविवार दोपहर करीब एक बजे टेस्टिंग के लिए उड़ान भरी थी। कैप्टन वी चंद्र ठाकुर और पायलट नागेश कुमार करीब 40 मिनट तक एयरक्राफ्ट को उड़ाते रहे, लेकिन फिर वह एयर स्ट्रिप पर क्रैश हो गया।

## किसानों व वैज्ञानिकों से चर्चा करते पीएम मोदी





*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ किस्में जारी कीं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है।*

### PM मोदी ने जारी की फसलों की 109 किस्में

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त किस्में जारी की। इस दौरान पीएम मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। नई फसल किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कृषि में वेल्यू एडिशन के महत्व पर जोर दिया। किसानों ने कहा कि ये नई किस्में बेहद फायदेमंद होंगी क्योंकि इनसे उनका खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी इसका पॉजिटिव प्रभाव देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती मांगों के बारे में भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों की जैविक खाद्य पदार्थों की ओर मांग बढ़ती जा रही है। किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए। वहीं, बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गईं।

## महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के यौन उत्पीड़न व हत्या का मामला

# गुस्से में डॉक्टर, विपक्षी दलों ने की CBI जांच की मांग

एजेंसी | कोलकाता

कोलकाता के सरकारी अस्पताल में महिला प्रशिक्षु की ड्यूटी के दौरान रेप और हत्या के मामले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। पश्चिम बंगाल भाजपा और अन्य विपक्षी दलों ने इस घिनौने कांड के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने साफ-साफ कहा है कि ऐसे हैवानों का सीधा एनकाउंटर कर दिया जाना चाहिए।

उन्होंने बलात्कारियों और हत्यारों पर त्वरित गति से मुकदमा चलाने और एक सप्ताह के भीतर सजा सुनाने के लिए संसद में एक विधेयक पेश करने का आह्वान किया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें अनुकरणीय सजा मिले। इधर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के रेजिडेंट डॉक्टरों ने इस घटना के विरोध में जवाहर लाल नेहरु स्टेडिय से एम्स तक कैंडल मार्च निकाला।




### IMA ने दिया अल्टीमेटम

इस वारदात के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों के संगठन 'फेडरेशन ऑफ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' ने 12 अगस्त से पूरे देश में हड़ताल की घोषणा की है। इसके अलावा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने भी पुलिस को मामले की जांच पूरी करने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। ऐसा न होने पर उसने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

### पहले हत्या फिर रेप!

इसी बीच कोलकाता पुलिस का दावा है कि शायद हत्या करने के बाद डॉक्टर के साथ दुष्कर्म किया गया है। पुलिस ने कहा है कि ऐसा हो सकता है कि पहले गला दबाकर हत्या की गई हो और फिर यौन उत्पीड़न किया गया हो। घटनास्थल से मिले सबूत इसी तरफ से इशारा कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आरोपी संजय रॉय चार शादियां कर चुका है। पिछली तीन बीवियां उसकी मारपीट से तंग आकर छोड़ कर चली गई थीं। चौथी बीवी की पिछले साल कैंसर से मौत हो गई थी।

### मेडिकल कॉलेज अधीक्षक को हटाया

इस बीच, राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के फिजियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. संजय वशिष्ठ को अधीक्षक पद से हटा दिया है। इस अपराध को अंजाम देने वाले एक शख्स को पुलिस गिरफ्तार भी कर चुकी है। वहीं, कोलकाता पुलिस इस मामले अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि महिला डॉक्टर का यौन शोषण और हत्या कर दी गई थी।

### मरीज ने धमकाया- ट्रेनी डॉक्टर जैसा हाल कर दूंगा

दूसरी ओर राज्य के पुरबा बर्धमान जिले में पुलिस ने अस्पताल के एक मरीज को गिरफ्तार किया है। उसने कथित तौर पर महिला डॉक्टर को कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर जैसा हाल करने की धमकी दी। उसने कहा कि सही से इलाज करो वरना कोलकाता के अस्पताल में क्या हुआ है? आरोपी सुशांत रॉय अस्पताल का मरीज ही था। जब आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर डॉक्टरों और नर्सों ने विरोध प्रदर्शन किया, तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

## J&K, हरियाणा-पंजाब में भारी बारिश

# बालटाल रास्ते से रोकी अमरनाथ यात्रा

■ जयपुर-दिल्ली हाईवे पर 10 किमी लंबा जाम



एजेंसी | जम्मू

कश्मीर में जारी भारी बारिश के कारण मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल मार्ग से होने वाली अमरनाथ यात्रा को रोक दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के बालटाल दोनों मार्गों पर भारी बारिश हो रही है। दूसरी ओर देश के अन्य भागों में बारिश का दौर जारी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत हरियाणा व पंजाब में भारी बारिश हुई। हरियाणा में गुड़गांव के अधिकांश हिस्से जलमग्न हो गए। करीब 10 घंटे की बारिश से कई सेक्टरों व सोसाइटियों में बाढ़ जैसे हालात हो गए। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर नरसिंहपुर में जलभराव होने से करीब 10 किमी लंबा जाम लगा रहा। हरियाणा के यमुनानगर जिले में भारी बारिश के कारण सोम नदी का जलस्तर बढ़ने से कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) को बुलाया गया है। पंजाब में मोहाली, लुधियाना, पटियाला, अमृतसर, होशियारपुर, रूपनगर और अंबाला समेत कई स्थानों पर बारिश हुई।

### अंबाला, लुधियाना, मोहाली और गुरुग्राम में जलभराव

मौसम विज्ञान विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में 129.7 मिलीमीटर बारिश हुई। बारिश के कारण गुरुग्राम में भी भारी जलभराव हो गया। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे समेत कई मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं और लोग घुटनों तक पानी में चलते नजर आए। कुछ लोग अपनी कारों और दोपहिया वाहनों को पानी में डूबी सड़कों पर धकेलते नजर आए।

## तीजोत्सव में बिखरे लोक संस्कृति के रंग

बेधड़क | नई दिल्ली

दिल्लीवासियों सहित अप्रवासी राजस्थानियों के दिलों पर राजस्थानी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और खानपान की यादें छोड़कर सात दिवसीय तीज उत्सव मेला रविवार को समापन हो गया। तीज उत्सव में जहां एक ओर तीज़ की सवारी, मेहंदी प्रतियोगिता, पगड़ी प्रतियोगिता, राजस्थानी फैशन शो और सावन के झूलों के साथ- साथ सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत एवं प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक ने तीज मेला और सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का पूजा अर्चना कर आगाज किया। मेले में तीज की शोभा यात्रा में राजस्थानी परिधानों में सज्जित महिलाओं ने मंगल कलश लेकर यात्रा की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजू ओमप्रकाश और उप आवासीय आयुक्त रिंकू मीणा सहित अन्य महिला अधिकारियों ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि ऐसा आयोजन व्यापक दर्शकों तक पहुंचने और आजीविका को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक ने कहा सरकार द्वारा बीकानेर हाउस से राजस्थानी कला और संस्कृति दो जन- जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे मेले और कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाता है।

## आतंकियों के सफाये का अभियान तेज

# जम्मू में दो मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने पूरा इलाका घेरा

एजेंसी | उधमपुर

स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू संभाग में रविवार को एक ही दिन उधमपुर व किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने दोनों जगहों पर पूरे इलाके को घेर रखा है ताकि आतंकियों का सफाया किया जा सके। रविवार देर रात उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके के खनेड़ में आतंकियों से



मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार चार दिन पहले खनेड़ में मुठभेड़ के बाद भाग निकले आतंकियों का सुरक्षा बल लगातार पीछा कर रहे थे। रविवार रात दोबारा आतंकियों से आमना-सामना हुआ। इससे मुठभेड़ शुरू हो गई। पहाड़ों पर धुंध तथा अंधेरे की वजह से सुरक्षा बलों की ओर से सतर्कता बरतते हुए अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है। इससे पहले किश्तवाड़ शहर से 40 किलोमीटर दूर किश्तवाड़-पाडर मार्ग पर नवनटु में तैनात सुरक्षाबलों पर शनिवार रात 10 बजे आतंकियों ने गोलीबारी कर दी। जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए सुबह तक रुक-रुककर गोलीबारी की। हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन सुबह 5 बजे से 11 बजे तक मचैल माता यात्रा को छह घंटे तक रोकना पड़ा।

## वायु सेना की बढ़ेगी ताकत

# LCA मार्क-2 लड़ाकू विमान का उत्पादन 2029 से

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में 4.5 जनरेशन प्लस एलसीए मार्क 2 फाइटर जेट मार्च 2026 तक उड़ान भरना शुरू कर देगा। साथ ही, साल 2029 तक बड़े पैमाने पर इनका उत्पादन शुरू हो जाएगा।

इसके अलावा, पांचवी पीढ़ी के मध्यम दर्जे के उन्नत लड़ाकू विमानों (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट-एमसीए) का बड़े पैमाने पर उत्पादन 2035 तक शुरू होगा। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत और भारतीय वायु सेना के उपप्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित की अध्यक्षता में




कुछ दिन पहले उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रमों की समयसीमा पर चर्चा की गई थी।

डॉ. कामत और एयर मार्शल दीक्षित ने डीआरडीओ भवन में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी की ओर से एलसीए एमके-II डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में जानकारी ली। सभी डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और क्लस्टर के महानिदेशकों ने इसमें भाग लिया। इस दौरान प्रोटोटाइप की फ्लाइट टेस्टिंग के साथ ही सिस्टम और सब-सिस्टम्स में हो रही प्रगति को लेकर चर्चा हुई। डीआरडीओ के अधिकारियों ने बताया कि इन प्रयासों को लेकर संभावित जोखिमों पर भी ध्यान दिया गया। हालांकि, बैठक के दौरान एलसीए मार्क 2 कार्यक्रम पर विस्तार चर्चा की गई।

### पनडुब्बी INS अरिघट नौसेना के बेड़े में शामिल होने को तैयार

दूसरी ओर हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिघट भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होने को तैयार है। इसे विशाखापट्टनम के जहाज निर्माण केंद्र पर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है। भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत की लांचिंग 2009 में हुई थी। नौसेना को दूसरी 6,000 टन की परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघट मिलने के बाद भारत अब रणनीतिक प्रतिरोध के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की ओर से बढ़ रही चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा। यह अरिहंत श्रेणी की भारत में निर्मित की गई दूसरी पनडुब्बी है। व्यापक परीक्षणों के बाद औपचारिक कमीशनिंग के लिए पूरी तरह से तैयार पनडुब्बी में विस्तारित अवधि में उन्नयन के साथ कुछ तकनीकी मुद्दों को सुलझाया गया था। आईएनएस अरिघट की लांचिंग लगभग पांच साल के लम्बे इन्तजार के बाद 2017 में हो पाई।

## सिसोदिया ने संभाली चुनावी बागडोर

# वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन, पदयात्रा 14 से

एजेंसी | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी मनीष सिसोदिया दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गए हैं। विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर उन्होंने अपनी पहल पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। आगामी 14 अगस्त से मनीष सिसोदिया पदयात्रा कर दिल्ली के लोगों से मिलेंगे। इस तरह दिल्ली में लोकसभा में चुनाव का प्रचार प्रसार किया जाएगा। विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों की बैठक होगी। दिल्ली में कथित शराब नीति घोटाले के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने अगले वर्ष फरवरी में होने जा रहे दिल्ली विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी संभाली है। रविवार शाम उन्होंने मथुरा रोड स्थित अपने आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 14 अगस्त से जनता के बीच जाएंगे। पूरी दिल्ली में पदयात्रा निकलकर वह जन-जन से मिलेंगे और चुनाव प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि सोमवार को दिल्ली के सभी विधायकों के साथ संयुक्त बैठक की जाएगी। इस बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पूरी योजना विधायकों को बताई जाएगी।

## एलीट मिस राजस्थान का 11वां सीजन शुरू, प्रदेश भर में होंगे आयोजन

# लाडली के ख्वाबों को पंख देने के लिए मां ने भी की बेटियों के साथ रैंप वॉक

बेधड़क | जयपुर

सावनी फुहारें उस समय और भी सुहानी हो गईं, जब राजस्थान भर से आईं गर्ल्स ने जयपुर के रैंप पर टैलेंट दर्शाया। हर कोई ताज को पाने के लिए अपना सलेक्शन चाह रही थी और उन्होंने जूरी के सवालों के जवाब पूरे आत्मविश्वास से देकर विमन एम्पावरमेंट को बुलंद किया। ये अनूठा नजारा था एलीट मिस राजस्थान सीजन-11 की शुरुआत का, जो ऑडिशन के रूप में जरूर हुई, लेकिन हजारों गर्ल्स ने टैलेंट दर्शाया। अजमेर रोड स्थित प्रतिष्ठा बैंक्वेट में हुए आयोजन में शो डायरेक्टर एंड फाउंडर गौरव गौड़ ने बताया कि इस मौके पर दीपक नाहर, आकांक्षा भल्ला आदि ने शिरकत की। आयोजन में पूरे प्रदेश की गर्ल्स ने हिस्सा लिया, जिसमें सबसे ज्यादा भागीदारी जयपुर की गर्ल्स की थी।






### प्रदेश भर में होंगे आयोजन

डायरेक्टर्स ने बताया कि ये शुरुआत है और अभी उदयपुर, जोधपुर जेसे शहरों में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे। साथ ही ऑन लाइन भी गर्ल्स हमसे जुड़ रही हैं। उनको भी मौका देने का निर्णय लिया जाएगा।

### छोटे शहरों की गर्ल्स ने भी भागीदारी की और टैलेंट किया शोकेस

इस मौके पर छोटे शहरों की गर्ल्स ने भी भागीदारी की और टैलेंट शोकेस किया। उन्होंने साबित किया कि वे भी मेट्रो सिटी की मॉडल्स के साथ कम्पीट करके स्वयं आगे ले जा सकती हैं। इस मौके पर गर्ल्स के पेरेंट्स भी साथ आए, जिन्होंने रैंप पर उनके साथ वॉक करते हुए बेटियों को मोटिवेट किया और उनके ख्वाबों को आगे बढ़ाने में मदद की।

### हजारों गर्ल्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

गौरव गौड़ ने बताया कि एलीट मिस राजस्थान का ये 11वां सीजन है और ये ही कारण है कि हजारों गर्ल्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है और रजिस्ट्रेशन अभी-भी जारी हैं। गर्ल्स की सुविधा के लिए ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रशन भी रखे गए, जिससे वे वेन्यू पर आकर भी ऑडिशन का हिस्सा बन सके और सभी को समान अवसर मिले।

## आपदा प्रबंधन में आईसीटी के उपयोग की नई तकनीक बताई



**बेधड़क. जयपुर।** फिलीपींस में चंद्रप्रकाश शर्मा ने फिलीपींस की सेबू सिटी में हुए इनोवेशंस इन क्लाइमेंट एंड डिजास्टर रेजिलिएशन नेशनवाइड एक्सपोसिशन-2024 में आपदा प्रबंधन पर आईसीटी के उपयोग पर नई तकनीकों के बारे में बताया। शर्मा को फिलीपींस के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टैक्नोलॉजी की ओर से बतौर वक्ता आमंत्रित किया गया था। उन्होंने आपदा जोखिम में कमी और प्रबंधन (डीआरआरएम) के क्षेत्र में नई तकनीकों का परिचय दिया। बताया कि कैसे उनकी कंपनी द्वारा विकसित की गई अत्याधुनिक आईसीटी समाधान प्राकृतिक आपदाओं के दौरान तत्परता, प्रतिक्रिया और पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डिजास्टर रिस्पांस इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम नामक प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस सिस्टम में डिजास्टर रिस्पांस सिमुलेशन, संसाधन योजना और आपदा सूचना रिकॉर्ड जैसी आगामी सुविधाओं को भी शामिल किया गया है, जो आपदा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में सक्षम हैं। शर्मा ने कहा, कि "आपदा के दौरान संचार तंत्र के प्रभावित होने के विकल्पों पर हम जापान के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## बदलते ट्रेंड्स पर चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** स्टाइलिश पोज में अपने लुक्स को प्रेजेंट करती हुईं मॉडल्स, सीनियर्स से टिप्स लेते आर्टिस्ट्स, बदलते ट्रेंड्स पर चर्चा करते एक्सपर्ट व फैशन इंफ्लुएंसर्स। अनूठे आयोजन का अनूठा नजारा श्याम नगर स्थित स्टूडियो में फैशन और एक्सपर्ट सेमिनार एक्टिविटीज का, जिसमें मॉडल्स ने रैंप वॉक भी की। शहर की प्रोफेशनल मॉडल्स ने कैटवॉक कर व फोटो शूट से कॉस्मेटोलॉजिस्ट व आर्टिस्ट निशा के टैलेंट को शोकेस किया। इस मौके पर शहर के कई ब्यूटी व फैशन इंफ्लुएंसर ने हिस्सा लिया। उन्होंने बदलते ट्रेंड्स पर चर्चा की और अपने आइडियाज शेयर किए। इस एक्टिविटी के दौरान निशा ने केयर, नाइट रूटीन, डाइट प्लान के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि मानसून सीजन में स्किन ड्राई, ऑयली हो जाती है इसलिए स्किन की केयर सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे आगे चलकर स्वयं को साबित कर सके। निशू लग्जरियस स्टूडियो में निःशुल्क सेमिनार होगी, जिसमें एक्सपर्ट हिस्सा लेंगे।

## City इवेंट्स

### युवाओं ने चढ़ाया निर्वाण लाडू



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में रविवार प्रातः तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर अभिषेक, शांति धारा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। शाम को कल्याण मंदिर स्तोत्र दीप अर्चना का कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि विशेष शांति धारा शिखर चंद जैन एवं सरदारमल काला परिवारने किया तथा निर्वाण लाडू धर्म चन्द सौगानी परिवार ने चढ़ाया। मोक्ष सप्तमी पर सामूहिक पारिवारिक पूजन साज बाज के साथ युवाओं द्वारा अर्घ्य समर्पित करते हुए की गई। इधर, निर्वाण काण्ड का वाचन कर भक्ति के साथ जयकारों के बीच निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

### 'माखनचोर' के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** लोहागढ़ विकास परिषद की ओर से जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर 25 अगस्त को होने वाली 'बाल गोपाल माखनचोर' प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन वरिष्ठ कलाकार संगीता गेरा, कवयित्री डॉ. सुशीला शील, शिक्षिका उषा थापर और परिषद के पदाधिकारियों ने किया। परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा एवं सचिव डॉ. प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि महारास में अंतरराष्ट्रीय स्तर के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम संयोजक गोपाल गुप्ता ने बताया कि बाल-गोपाल, माखन चोर प्रतियोगिता के लिए चार वर्ष की आयु तक के बच्चों का पंजीयन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री कृष्ण के बाल, किशोर एवं युवावस्था के लीला प्रसंगों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### लहर-ए-गजल में जमी 'मखमली' महफिल



**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रम की कड़ी में लहर-ए-गजल कार्यक्रम में अजमेर के गजल सिंगर नवदीप सिंह झाला ने मखमली आवाज में गजलों का गुलदस्ता पेश किया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलाकार नवदीप ने कार्यक्रम की शुरुआत राहत इंदौरी की गजल तेरी हर बात मोहब्बत में गवारा करके से की। उनके साथ वायलिन पर अशोक पवार ने संगत की। संयोजक नवल डांगी तथा इम्पीरियल प्राइम कैपिटल के कला रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह दिए गए। कैमरा मनोज स्वामी, संगीत संयोजन विनोद सागर गढवाल, मंच सज्जा जीवितेश शर्मा व अंकित शर्मा नानू की रही।

## 'वननेस वन' परियोजना के तहत किया पौधरोपण

# पर्यावरण का अनिवार्य हिस्सा होते हैं पेड़, इनकी सेवा करें



बेधड़क | जयपुर

'पेड़ पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा होते हैं। इनकी सेवा करना पुण्य का काम।' बात संत निरंकारी मिशन के 'वननेस वन' परियोजना के अंतर्गत रविवार को जोन 20 बी में 'मेगा वृक्षारोपण अभियान' के तहत हसनपुरा के गणपति नगर स्टेडियम में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही। कार्यक्रम मुख्य अतिथि डीआरएम विकास पुरवार, विशिष्ठ अतिथि पूजा छाबड़ा, जोनल इंचार्ज सुनील बाली और रेलवे अधिकारी शामिल रहे। इस मौके पर डीआरएम पुरवार ने कहा कि सेवादार रेलवे के साथ मिलकर लगातार सफाई अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम करके लाखों लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं। जोनल इंचार्ज बाली ने बताया कि आयोजन संत निरंकारी मिशन की सतगुरू माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता के मार्गदर्शन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा देश भर में किया गया। इसी के अंतर्गत राजापार्क के झालाना में, उदयपुरिया, दूदू, लालसोट, कानोता और प्रताप नगर के सार्वजनिक स्थानों, पार्कों में सैकड़ों छायादार, फलदार पेड़ लगाए गए। राजापार्क (झालाना) के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद, उदयपुरिया में संयोजक नाथूलाल, प्रताप नगर में सुनील बाली, दूदू में ब्रांच मुखी बंशीधर, कानोता में संयोजक प्रभु दयाल, लालसोट में संयोजक रतन लाल रहे।

इस महाअभियान में मिशन के स्वयंसेवकों ने मिलकर लगभग 50 हजार के करीब पौधे रोपित किए। आगामी वर्षो में इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली है। परियोजना के तहत जयपुर के अलावा संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 600 से अधिक स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सेलिब्रेशन में राधिका अंबानी हल्दी लुक फोटो बूथ

# जयपुर की लेडीज ने फेस्टिव के लिए बनाया यादगार कलेक्शन




बेधड़क | जयपुर

त्योहार के मौसम में एफबीएस मैंबर्स भी एक्टिव हो गए हैं और सावन का वेलकम कर रहे हैं। इसी कड़ी में सी-स्कीम स्थित गुलाबी डोरी में सावन, राखी, तीज, चौथ, सभी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

लेडीज ने बारिश की बूंदों को भी अपने सेलिब्रेशन में शामिल करते हुए उनका स्वागत किया। साथ ही लहरियां को अपने अंदाज में पेश किया। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि अंबानीज की प्री वेडिंग से इंस्पायर्ड आईएसएसए सेलिब्रेशन में राधिका अंबानी का हल्दी लुक का फोटो बूथ बनाया। डिजाइनर कपल तनुश्री सिद्धार्थ खंडेलवाल ने फेस्टिव के लिए कलेक्शन तैयार किया। इवेंट में फैशन व ड्रेप स्टाइलिंग भी कराई गई। सभी गेस्ट्स ने मौसम, ट्रेंड्स, स्टाइलिंग, स्नैक्स का लुत्फ उठाते हुए शाम को यादगार बनाया। उन्होंने बताया कि राजस्थान के त्योहार पूरी दुनिया में अपने रंग-कपड़े-थीम-वाइब्रेंसी-चहल-पहल के लिए जाने जाते हैं और उसी को उजागर करने के लिए सभी लेडीज एक मंच पर आईं। इस मौके पर प्राची खंडेलवाल, तरंग अग्रवाल, मूनमूं पोद्दार, वैशाली मोदी, खुशी सोंखिया आदि ने समा बांधते हुए खुशियों के रंग बिखेरे।

मेघा गुप्ता ने बताया कि हम हर साल यह एक्टिविटी करते हैं और इसके लिए मेंबर्स एक जगह इकट्ठा होते हैं. इस बार सावन में बरसात ज्यादा हो रही है तो हमने उसी हिसाब से अलग-अलग कलर्स को अपने प्रोग्राम में शामिल किया. इसके लिए जयपुर से क्रिएटिव आर्टिस्ट भी आए थे और अब नेक्स्ट वीक भी ऐसा ही प्रोग्राम जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

**प्रतियोगिता** मेल कैटेगरी पेजेंट के रॉयल बैटल ऑफ राजस्थान के स्लोगन के साथ रैंप पर उतरे बॉयज

# मिस्टर राजस्थान के लिए जयपुर में लड़कों ने भरी हुंकार

बेधड़क | जयपुर

फौलादी इरादे लेकर जूरी के डिफरेंट टास्क को कंप्लीट कर मिस्टर राजस्थान का खिताब जीतने का ख्वाब लिए मेल मॉडल्स ने रैंप पर हुनर दर्शाया।

मौका था जयपुर में अजमेर रोड स्थित होटल रीगल बाय रिदम में ए इन्फिनिटी टेकओवर्स की ओर से रॉयल बैटल ऑफ राजस्थान थीम पर मेल कैटेगरी के पेजेंट मिस्टर राजस्थान 2024 सीजन-3 के फर्स्ट इंटरव्यू टैलेंट राउंड का। इसमें 18 से 35 साल तक के मेल पार्टिसिपेंट्स ने दमखम के साथ ब्लैक टी शर्ट, ब्लू डेनिम और बूट्स के कॉम्बिनेशन में टैलेंट व स्किल्स को जूरी के सामने शोकेस किया।



### 300 पार्टिसिपेंट्स को बुलाया

आयोजक अनूप चौधरी ने बताया कि 2000 से अधिक ऑनलाइन एंट्रीज प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 300 पार्टिसिपेंट्स को बुलाया गया। जयपुर सहित राजस्थान के लगभग हर एक शहर से लड़कों ने एप्लाई किया है। पेजेंट का उद्देश्य राजस्थान के रिच कल्चर और ट्रेडिशन को प्रमोट करने के साथ वोकल फोर लोकल के लिए काम करना है। कार्यक्रम के दौरान जज की भूमिका में मिस्टर राजस्थान 2023 अंश वालिया, फिटनेस एक्सपर्ट डीके सिंह और फैशन कोरियोग्राफर राहुल शर्मा उपस्थित रहे।

### मूवी और एलबम में दिए दिखाई

पेजेंट के विजेता को राजस्थानी मूवी, म्यूजिक वीडियो एल्बम, प्रिंट शूट्स, रैंप शोज जैसे अन्य कई प्रोजेक्ट्स में काम करने का मौका दिया जाएगा। कुल 30 मॉडल्स को ग्रैंड फिनाले के लिए सेलेक्ट किया जाएगा। शो के फिनाले से पहले सभी पार्टिसिपेंट्स को ऑडिशन राउंड्स, पर्सनल इंटरव्यू राउंड्स, तीन दिन की ग्रूमिंग क्लासेज, फिटनेस सेशन, फोटो शूट सेशन, रैंप वॉक रिहर्सल दी जाएगी। पेजेंट का ग्रैंड फिनाले जयपुर में होगा।



### बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर भड़के हसीना के बेटे, पूछा-

# यह लोकतंत्र नहीं, भीड़तंत्र... चीफ जस्टिस को कैसे बदला!

**एजेंसी** | ढाका

अवामी लीग की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे साजिब वाजेद जॉय ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को जमकर खरीखोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में यह सुधार नहीं, बल्कि भीड़तंत्र का मामला है। उन्होंने रविवार को फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर अंतरिम सरकार से कई गंभीर सवाल पूछे। साजिब ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में भीड़ का बोलबाला है। प्रदर्शनकारियों को खुली छूट है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारियों ने नए चीफ जस्टिस को नियुक्त करने की मांग की और इसके लिए एक नाम भी सौंपा, जिसे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने मान लिया। साजिब वाजेद जॉय ने लिखा, "आज प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट पर हमला करने और बांग्लादेश के मुख्य न्यायाधीश के घर को जलाने की धमकी दी। उन्होंने कोर्ट से इस्तीफा देने की मांग की और नियुक्त किए जाने वाले लोगों के नामों की सूची भी दी। अंतरिम सरकार ने उनकी मांग मान ली और प्रदर्शनकारियों द्वारा नामित न्यायाधीशों को नियुक्त कर दिया। किसी देश के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को बिना किसी उचित प्रक्रिया के, बिना निर्वाचित संसद के कैसे बदला जा सकता है? यह सुधार नहीं, यह भीड़तंत्र है।



### बांग्लादेशी मसाजिद में भेजे ईमेल

मीडिया के अनुसार, प्रदर्शनकारियों में से एक ने अफसोस जताया कि उन्होंने टोरंटो में बांग्लादेशी मस्जिदों को भी ईमेल भेजे, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा, "हमने टोरंटो में बांग्लादेशी मस्जिदों को भी ईमेल भेजे हैं। अभी तक, हमें उनसे कोई जवाब नहीं मिला है, शायद वे वीकेंड के कारण व्यस्त हों।" उन्होंने आगे कहा, "बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, वह उनके ही भाइयों के साथ हो रहा है।"

### प्रदर्शन में अभूतपूर्व तादाद में पहुंचे लोग

प्रदर्शनकारी ने आगे कहा कि समुदाय अभूतपूर्व संख्या में इकट्ठा हुआ है, जो एक अच्छा संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि हमें खुशी होगी अगर वे भी एकजुटता से खड़े हों। समुदाय अभूतपूर्व संख्या में यहां है जो एक अच्छा संकेत है। जो निराशाजनक है वह कनाडाई राजनीति की भागीदारी है। ईमेल, ट्वीट और कॉल के बाद भी वे हमारी बात नहीं सुन रहे हैं। इसके अलावा, समुदाय के नेताओं ने हिंदुओं पर हमलों पर अपनी चिंता व्यक्त की। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक्स पर एक संदेश में बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और संरक्षण का आह्वान किया।

### प्रदर्शनकारियों ने 41 पत्रकारों की लिस्ट सौंपी!

जॉय ने आगे लिखा, "बांग्लादेश में कानून का कोई राज नहीं है, अब सुप्रीम कोर्ट भी सुरक्षित नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने प्रेस क्लब को 41 पत्रकारों के नामों की सूची भी दी और उन्हें निष्कासित करने की मांग की। मेरी मां की सरकार द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर दमन के सभी आरोपों के बाद, क्या यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर और भी अधिक गंभीर हमला नहीं है? तो क्या भीड़ को पत्रकारों की एक सूची प्रदान करनी है, जिसे बाहर निकाल दिया जाएगा? मैं इस पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया और सरकार से सुनना चाहूंगा। आप अतीत में इतने मुखर रहे हैं, अब आप चुप क्यों हैं?"






### उधर, कनाडा में हिंदुओं का प्रदर्शन... बांग्लादेश सरकार पर प्रेशर डालो

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए हजारों कनाडाई लोगों ने रविवार को डाउनटाउन टोरंटो में विरोध प्रदर्शन किया। हिंदू, ईसाई, बौद्ध और यहूदी मूल के कनाडाई लोग डाउनटाउन टोरंटो में एकत्र हुए। डाउनटाउन टोरंटो में आयोजित विरोध प्रदर्शन में लोग नारे लगाते देखे गए, "हमें न्याय चाहिए - बांग्लादेश बांग्लादेश।" प्रदर्शनकारियों ने कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ढाका सरकार पर दबाव डालने का आग्रह किया।

### नेतन्याहू पर नए दुश्मन ने बोल दिया यहूदी देश पर धावा...

# अटैक से थर्राया इजराइल

**एजेंसी** | बेरूत

हमास के खिलाफ युद्ध में उलझे इजराइल पर उसके नए दुश्मन हिजबुल्लाह ने हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को शिया आदोलन ने जानकारी दी कि लेबनान के हिजबुल्लाह ने पिछले 24 घंटों में इजराइली सेना के खिलाफ 10 युद्ध अभियान चलाए, जिसमें ऊपरी गलील में बस्तियों पर बड़े पैमाने पर मिसाइल हमला भी शामिल है।

इजराइल ने पिछले दिनों हिजबुल्लाह के कई कमांडरों को मौत की नींद सुलाया था। हिजबुल्लाह हमास चीफ इस्माइल हानियेह की मौत और अपने कमांडरों की मौत को लेकर इजराइल से बदला लेने के लिए छटपटा रहा है। हिजबुल्लाह के बयानों के अनुसार लेबनान-इजराइल सीमा पर कई दृश्य नियंत्रण प्रणालियों को नष्ट कर दिया गया और चार इजराइली सेना के ठिकानों पर मिसाइल हमले किए गए। सार क्षेत्र में, एक निर्देशित मिसाइल ने इजराइली सैन्य कर्मियों पर हमला किया। इसके अलावा शुक्रवार शाम को, हिजबुल्लाह ने सफ़ेद शहर के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक उत्तरी सैन्य रसद अड्डे पर हमला करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। एक बयान के अनुसार बदले में इजराइली सेना ने 16 बस्तियों पर हमला किया। इजराइली वायु सेना के एक विमान ने बेरूत के आसमान में विस्फोटों की आवाज का अनुकरण करते हुए एक बार फिर विस्फोट किया।



### इजराइली गोलीबारी से लेबनान को नुकसान

अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजराइली सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद से इजराइल-लेबनानी सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। इजराइली सेना और हिजबुल्ला लड़ाके सीमा से लगे इलाकों में रोजाना एक-दूसरे के ठिकानों पर गोलाबारी कर रहे हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय के अनुसार इजराइल से गोलाबारी के कारण लगभग 1,00,000 लोगों को दक्षिणी लेबनान में अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। इजराइल ने उत्तरी इजराइल के लगभग 80,000 निवासियों के बारे में विस्थापित होने की सूचना दी है।

### अपने कमांडरों की मौत का बदला ले रहा हिजबुल्लाह

हाल के हफ्तों में, इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमलों में कई उच्च रैंकिंग वाले हिजबुल्लाह कमांडरों और गुर्गों के मौत की सूचना दी है। हिजबुल्लाह उत्तरी इजराइल में बड़े पैमाने पर गोलाबारी के साथ प्रत्येक कार्रवाई का जवाब दे रहा है, दर्जनों रॉकेट और ड्रोन से हमला किया है। प्रायः, लेबनान से गोलाबारी के कारण उत्तरी इजराइल में आग लग जाती है, जहां सैकड़ों हेक्टर भूमि पहले ही झुलस चुकी है।

### हिंसा और जबरन धर्मांतरण की मार

# पाक में हिंदू असुरक्षित... हुक्मरान झूठे

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की स्थापना के समय कायदे-आजम मोहम्मद अली जिन्ना ने सांप्रदायिकता के खतरों के खिलाफ अल्पसंख्यकों के लिए शांति और सद्भाव की वकालत की थी।

हिन्दुस्तान से इतर मुसलमानों के लिए एक अलग देश की मांग करने वाले जिन्ना का कथित सपना था कि पाकिस्तान एक ऐसा देश बने जहां सभी धार्मिक समुदाय सुरक्षित और समान अधिकारों के साथ एकजुट होकर रहें। हालांकि, आज का पाकिस्तान उस सपने की तुलना में एक पूरी तरह से अलग और दुखद तस्वीर पेश करता है।



### जिन्ना की सलाह को रखा ताक में

खबर के मुताबिक 11 अगस्त, 1947 को जिन्ना ने संविधान सभा को संबोधित करते हुए सांप्रदायिकता के खतरों की ओर लोगों का ध्यान खींचा और सभी नागरिकों के समान अधिकार की बात की थी। अब वर्षों बाद भी वहां की सरकारें अल्पसंख्यकों को सुरक्षित और समान अधिकार दिलाने में विफल रही हैं। 2009 से हर साल 11 अगस्त को अल्पसंख्यक दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस दिन भी पाकिस्तान की सरकारें केवल खोखले वादे करने तक सीमित रहती हैं।

### अल्पसंख्यकों के लिए कठिन है रहना

हर साल की तरह इस साल भी पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के लिए कठिन रहा है। अहमदी समुदाय के पूजा स्थलों पर भीड़ द्वारा हमलों का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं, अहमदियाओं को उनके घरों में भी धार्मिक अनुष्ठानों को करने से रोका गया। ईसाई समुदाय भी हिंसा का शिकार हुआ, विशेष रूप से मई में सरगोधा में हुए हमले ने पिछले साल के जारानवाला के भीषण हमले की दर्दनाक यादें ताजा कर दीं। इन हमलों के पीछे अक्सर झूठे ईशनिंदा के आरोप होते हैं जिनसे अल्पसंख्यक समुदाय को लगातार खतरा बना रहता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl